U. S. Q. No.		
1608	Capital invested in Industries by Indians in Foreign Countries	3131–33
1609	Village Oil Industry	3133
1610	Information Centres	3133–34
1611	Rasta Salt	3134
1612	Comb Production	3134–35
1613	Technical aid to Nepal	3135-36
1614	Colonies for Displaced Persons from East Pakistan	3136

DAILY DIGEST—*Contd.*

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS—*Contd.*

U. S. Q. No.	*Subject*	*Columns*
1615	Flood Control and Irrigation Works at Indo-Nepal Border	3136–37
1616	Steel Imports .	3137
1617	Kuttanad Development Scheme .	3137
1618	E.C.A.F.E. . .	3137–38
1619	North Bihar Tubewell and Electrification Scheme .	3138
1620	Petroleum and Petroleum Products .	3138–39
1621	Government Printing Works . . .	3139
1622	Lignite . . .	3139–40
1623	Workmen's Safety Committees . .	3140
1624	Dam Across River Silereo in Orissa .	3140–41
1625	Government Advertisements .	3141
1626	Documentary Films.	3141
1628	Indian Films .. .	3141–42
1629	Tin-Plate Quotas .	3142–43
1630	Relief to Displaced Persons of Tripura . . .	3143
1631	Development Projects for Andhra State . . .	3143–44
1632	*Ghani* Oil .	3144
1633	Comforts Survey Committee . . .	3144
1634	Construction of Dry Docks . . .	3145
1635	Experts Committee on Sago . .	3145
1636	Co-operative Spinning Mills . .	3145–46
1637	A.I.R., Simla . .	3146
1638	A.I.R., Simla . .	3146
1639	Dam Construction at Vamanapuram .	3146–47
1640	Rivers of Assam .	3147–48
1641	Coal . . .	3148

GIPN—S. 3—104 Lok bha—21-2-57—840

Tuesday,
1st May, 1956

LOK SABHA DEBATES

(Part II—Proceedings other than Questions and Answers)

LOK SABHA SECRETARIA
NEW DELHI

SIX ANNAS (INLAND) TWO SHILLINGS (FOREIGN)

CONTENTS

[Part II Debates, Volume IV—18th April to 8th May, 1956]

No. 46—*Wednesday, 18th April, 1956.*

	COLUMNS
Motion for adjournment—	
Strike by civilian employees of Naval Dockyards and Depots at Bombay.	5623–26
Papers laid on the Table	5626–27
Committee on Private Members' Bills and Resolutions—	
Fiftieth Report	5627
Business Advisory Committee—	
Thirty-second Roport	5627–36
Jammu and Kashmir (Extension of Laws) Bill	5636–37
States Reorganisation Bill	5637–40
Constitution (Sixth Amendment) Bill	5640–50
Constitution (Ninth Amendment) Bill	5651
Appropriation (No. 2) Bill	5651
Finance Bill—	
Motion to consider	5652–5756
Rules Committee—	
Second Report	5756
Daily Digest	5757–60

No. 47—Friday, 20th April, 1956

Motion for Adjournment—	
Strike by Civilian employees of Naval Dockyard and Depots at Bombay.	5761-65
Appropriation (No. 2) Bill	5765–69
Finance Bill—	
Motion to consider	5769–5832
Committee on Private Members' Bills and Resolutions Fiftieth Report	5832–33
Indian Penal Code (Amendment) Bill (Amendment of Section 429)—	
Motion to consider	5833–60
Electricity (Supply) Amendment Bill (Amedment of Section 77 etc.—	
Motion to consider	5860–78
Daily Digest	5879–80

No. 48—Saturday, 21st April, 1956

	Columns
Petitions *re.* States Reorganisation Bill	5881
Finance Bill—	
Motion to consider	5881–5913
Clauses 2 to 37, Schedules I to IV and clause 1	5914–6033
Motion to pass as amended	6033–35
Business Advisory Committee—	
Thirty-third Report	6035
Appropriation (No. 2) Bill—	
Motion to consider	6036–45
Clauses 1 to 3 and the Schedule	6045–46
Motion to pass as amended	6046
Daily Digest	6047–48

No. 49—Monday, 23rd April, 1956

Business Advisory Committee—	
Thirty-third Report	6049–51
Motion *re.* suspension of first proviso to Rule 92	6051–78
States Reorganisation Bill—	
Motion to refer to Joint Committee	6078–6172
Daily Digest	6173–74

No. 50—Tuesday, 24th April 1956

Arrest of a Member	6175
Paper laid on the Table	6175–76
Motion for Adjournment	
States Reorganisation Bill—	
Motion to refer to Joint Committee	6176–6290
Daily Digest	6291–92

No. 51— Wednesday, 25th April, 1956

Motion for adjournment—	
Arrest of certain demonstrators	6293–96
Business of the House	6297–98
Committee on Private Members' Bills and Resolutions—	
Fiftys-first Report	6298
Rules Committee—	
Third Report	6222
States Reorganisation Bill—	
Motion to refer to Joint Committee	6298–6322, 6323–6420
Daily Digest	6421–22

No. 52—*Thursday, 26th April,* 1956

	Columns
Estimates Committee— Twenty-Fifth Report	6423
Rules Committee— Third Report	6423–55
States Reorganisation Bill— Motion to refer to Joint Committee	6455–72
Constitution (Ninth Amendment) Bill— Motion to refer to Joint Committee	6472–6540
Message from Rajya Sabha	6540
Daily Digest	6541–42

No. 53—*Friday, 27th April,* 1956

Papers laid on the Table	6543
Detention of a Member	6543–44
Petition *re.* Hindu Succession Bill	6544
Constitution (Ninth Amendment) Bill— Motion to refer to Joint Committee	6544–95
Hindu Succession Bill— Motion to consider as passed by Rajya Sabha	6596–6616
Committee on Private Members' Bills and Resolutions— Fifty-first Report	6616–17
Resolution *re.* nationalisation of banks	6617–65
Resolution *re.* Ceiling on income of an individual	6665
Message from Rajya Sabha	6666
Half-an-hour discussion *re.* Working Journalists	6666–80
Daily Digest	6681–84

No. 54—*Monday, 30th April,* 1956

Papers laid on the Table	6685
President's Assent to Bill	6685
Message from Rajya Sabha	6686
Travancore-Cochin Appropriation (Vote on Account) Bill	6686
Estimates Committee— Twenty-sixth Report	6686
Calling attention to matter of urgent public inportance— Retrenchment in Ordnance Factories	6687–90
Statement on Industrial Policy of Government	6690–99
Business of the House	6699–6702

COLUMNS

Manipur State Hill Peoples (Administration) Regulation (Amendment) Bill 6702–10

Manipur (Village Authorities in Hill Areas) Bill 6711

Hindu Succession Bill, as passed by Rajya Sabha—

Motion to consider . . 6711–6812, 6813–18

Life Insurance Corporation Bill . 6812

Half-an-hour discussion *re.* Cement . 6818–32

Daily Digest. 6833–36

No. 55—*Tuesday, 1st May,* 1956

Paper laid on the Table 6837

Proceedings of Legislatures (Protection of Publication) Bill . 6837

Hindu Succession Bill—
Motion to consider 6837–6952

Daily Digest 6953–54

No. 56—*Wednesday, 2nd May,* 1956

Election to Committee—
National Food and Agricultural Organisation Liaison Committee . 6955–56

Reserve Bank of India (Amendment) Bill 6956–57

Message from Rajya Sabha 7055

Hindu Succession Bill—.
Motion to consider . . . 6973–7055
6957–73

Clauses 2 to 5 . . . 7055–82

Daily Digest 7083–84

No. 57—*Thursday, 3rd May,* 1956

Papers laid on the Table 7085

Message from Rajya Sabha 7085–86

Business of the House 7086–88

Constitution (Tenth Amendment) Bill 7089–91

Travancore-Cochin Appropriation (Vote on Account) Bill—
Amendment recommended by Rajya Sabha 7091–7100

Hindu Succession Bill—
Clauses 5, 6 and 4 7100–7240

Daily Digest 7241–42

No. 58. *Friday, 4th May,* 1956

	COLUMNS
Business of the House	7243–453, 7355
Hindu Succession Bill as passed by Rajya Sabha—	
Clauses 7 to 10	7245–7338
Factories (Amendment Bill) (*Amendment of Sections* 51, 54 *and* 59)	7339
Electricity (Supply) Amendment Bill (*Amendment of Section* 77 *etc.*)	7339–47
Proceedings of Legislatures (Protection of Publication) Bill—	
Motion to consider as reported by Select Committee	7347–50
Clauses 2 to 4 and 1	7350–55, 7355–78
Motion to pass, as amended	
Mines (Amendment) Bill (*Amendment of sections* 33 *and* 51)—	7378
Motion to consider	7378–84
Daily Digest	7385–86

No. 59. *Monday, 7th May,* 1956

Papers laid on the Table	7387–88
President's Assent to Bill	7388
Messages from Rajya Sabha	7389
Indian Red Cross Society (Amendment) Bill	7389
Business Advisory Committee—	
Thirty-fourth Report	7389
Committee on Absence of Members from the Sittings of the House—	
Fourteenth Report	7390
Minutes of Estimates Committee (1954-55), Vol. 4, No. 2	7390
Hindu Succession Bill, as passed by Rajya Sabha—	
Clauses 10 to 25 and Schedule	7390–7528
Daily Digest	7529–32

No. 60. *Tuesday, 8th May,* 1956

Release of a Member	7533
Arrest of Members	7533
Hindu Succession Bill, as passed by Rajya Sabha—	
Clauses 25 to 33 and 1	7534–7650
Motion to pass as amended	7651–7716
Daily Digest	7717–18

GIPN—SI—415 Lok Sabha—27-3-57—840

Block 'G'
Acc. No. 25570
30.03.20(
Dated

LOK SABHA

Tuesday, 1st May, 1956.

The Lok Sabha met at Half Past Ten of the Clock.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

QUESTIONS AND ANSWERS

(*See* Part I)

11.37 A.M.

PAPER LAID ON THE TABLE

REPORT ON THE WORKING OF SILK BOARD FOR THE PERIOD 1-4-1955 TO 31-12-1955

The Deputy Minister of Production (Shri Satish Chandra): Sir, on behalf of Shri K. C. Reddy, I beg to lay on the Table a copy of the Report on the working of the Central Silk Board for the period from 1st April, 1955 to 31st December, 1955, in pursuance of an assurance given by the Minister of Commerce and Industry during the discussion on the Central Silk Board (Amendment) Bill on the 29th July, 1952. [Placed in Library. See. No. S-144/56.]

PROCEEDINGS OF LEGISLATURES (PROTECTION OF PUBLICATION) BILL

PRESENTATION OF REPORT OF SELECT COMMITTEE

Shri Altekar (North Satara): Sir, on behalf of Shri K. C. Raghavachari, I beg to present the Report of the Select Committee on the Bill to protect the publication of reports of proceedings of Parliament, State Legislatures and their Committees.

HINDU SUCCESSION BILL—*Contd.*

Mr. Speaker: The House will now take up further consideration of the following motion moved by Shri Pataskar on the 12th December, 1955, namely:

> "That the Bill to amend and codify the law relating to intestate succession among Hindus, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The time allotted for general discussion is 13 hours, out of which 5 hours and 49 minutes have already been availed of. Therefore, 7 hours and 11 minutes now remain.

Shri N. R. Muniswamy (Wandiwash): Mr. Speaker, yesterday I made an observation that, in fairness, this Bill has to be remitted back to the public with a view to get their opinion, in so far as we have now touched the Mitakshara system of law in a limited sense. I do not mean to suggest that I adopt certain dilatory tactics for delaying the matter, but, since this has been hanging fire for over 8 or 9 years, by so doing we will be eliminating a valid criticism that we have taken the public by surprise by introducing in a limited sense the application of the Mitakshara system of law.

I am happy that the daughters are given equal shares as that of the brothers. But I have to say that as per the clause 6, as drafted, there is a good deal of discriminatory treatment both to the daughters and the *undivided sons*. I insist upon the redrafting of this clause to avoid an anomalous situation in actual applicability of this provision. I shall now give an illustration. Here, as it has been provided in clause 6, it is stated that so far as the daughters are concerned, who happen to have the same coparcenary right in the property, after the death of the deceased, for purposes of allotment of shares to the daughters, the shares of the undivided sons are to be pooled together but not the share of the divided son. That has been eliminated because of the amendment by the Rajya Sabha. By so doing, we will be having only a joint family consisting of a father and the daughters. But, after the passing of this Bill and before the death of the deceased, what would happen? The daughters will be eliminated but the others will get their share during the lifetime of the father. When the father dies, what will happen? So, the joint family system, as it exists today, will be given the clean go-by by entering into a division or partition of the existing properties. It would leave nothing for the daughters. Supposing a father has no share at all, and he claims no share during the lifetime, and he divided the entire property among his sons, and suppose he dies subsequent to the partition

[Shri N. R. Muniswamy]

There is no undivided son at all. So himself and his daughters get nothing. Therefore, the daughters will go without any shares at all. We know that in certain cases coming under the Mitakshara system, if the father has no share in the partition and if the son is born after the partition, the son will have the right to reopen the entire partition and get back the property and put it again into the pool. Similarly, if you want the daughters to have a share in the property, what would happen today is, you must regard the daughter as after-born son, and the daughters must be given the right to reopen the entire partition, so that the persons who had already partitioned the property and the daughters also could all get together and the entire division could take place. That will be the proper basis on which you can give an equal share to the daughters. Now, what happens is that if the son divides and goes away, and the rest of the family is not divided, the balance of the property alone will be divided between the undivided sons and the daughters, because, the daughters after the death of the father will get a right as much as the undivided sons, but not the right as regards the property that has already fallen to the share of the divided son who has already gone back.

Mr. Speaker: Even if the division had taken place 12 years before the father died, should that property be pooled, when the child must not be more than 10 months? In case the child is in the womb at the time of partition, and subsequently a male child is born, the partition can be reopened at the instance of the male child. That is, the birth of the child relates back to the conception which is only for ten months. Does the hon. Member mean that a member who has detached himself 12 years ago and had got the property, should now be brought in and his property be treated as the property of the father?

Shri N. R. Muniswamy: I quite appreciate the point. So far as the partition that took place 12 years back is concerned, if those persons have to be brought back, division might take place and there might be disturbance. As regards the present clause, the undivided son's share may be pooled together for the purpose of the share of the property along with the daughters. At least that aspect has to be put into effect, because, I think the Minister of Legal Affairs said that it all rests upon the natural love and affection, and he says that the father will always give property to the daughters and so he will see that the daughter is not disinherited or denied of any right to a share, when during the lifetime of the father, the property is divided. Now, there are occasions where the father also asks for no property. He simply stands as if he needs maintenance, for, he will eke out his livelihood by remaining with one son for some time and with another son at another time. So, in that case, after his death, the daughters will get no share at all. With a view to see that the daughter also gets a share in the property, he must see that the divided sons' property also should be pooled together and give them the status of after-born sons, in the sense that they will also have the right to reopen the property.

The other anomalous position which is likely to be evolved here is this. As per caluse 32, notwithstanding anything contained in setcion 6 of the existing Act, the interest of a male Hindu in a Mitakshara coparcenary property shall be deemed to be a property capable of being disposed of by him within the meaning of this section. As the law stands today, in a Mitakshara family, an undivided son cannot execu'e a will so far as his share is concerned, unless he files a suit for partition or expresses unequivocally a declaration that he stands divided from the others. Here, if the right is given to the undivided son to execute a will so far as his share in the property is concerned, what happens is, every son, even without filing a partition suit and entering into a partition, will, will away his share in the property, in which case there will be nothing left for the daughter. So, this right which is given under the explanation to clause 32 will equally take away the right that would be possible and that would be given to the daughter, because, the right that is given to her will be denied later on. Therefore, I say that there may be some shares given to the daughter after the partition, because, the greater the number of daughters the lesser will be the share allotted to those undivided sons as well as to the daughters. So, when you see that even as it is that many partitions take place, we must have a time-limit, say, four, five or ten years, so that during the interregnum—the period between the passing of this Act and the period that is to be set as regards the time-limit—it may become possible to get back the divided property and also to get an equal share of the daughters. The interregnum will be that period which will be after the

passing of this Act and before the death of the deceased person.

I have been dealing yesterday with the limited right of the women. We are aware that in the 1937 Act, the wife has the right to enjoy the property of her deceased husband, during her lifetime and after her death, it will revert back to the other heirs. As per the present Bill, they have been given the absolute right to the property. So, what the daughter is not now getting according to the present Mitakshara system, she will get according to the present Bill. The mother can will away the property because, what is limited estate to her will turn out to be an absolute right after the passing of this Act. So, the mother, if she likes, can will away the property absolutely because the property becomes her own and can be given to the daughters if she wills it. So, the daughter will be in a better position. She gets what could not be got through other spheres, because, even the mother who was said to have a limited interest, will get an absolute right after the passing of this Act. To that extent, I welcome this provision, namely, the daughters will not only get from the father but also from the mother. (*Interruption*).

Mr. Speaker: Will the hon. Member kindly resume his seat and continue after some time?

* * *

Shri Muniswamy may continue his speech.

Shri N. R. Muniswamy: To continue my speech, I may point out that article 19(f) of the Constitution guarantees to every person the right to acquire property, to hold property and also to dispose of property. Now, any one of the undivided sons has got a right to dispose of under clause 32 his own share of the property. If no actual division has taken place except the disposition in the will, it will mean that the will takes effect after the death of the testator. Under clause 32, when coparcenary property is disposed of by will, that takes effect only after the death of the father and before the death of this man. Supposing this man himself dies, it will be tampering with the disposition he has already effected under clause 32. Therefore, this will go against the fundamental right guaranteed under the Constitution and ultimately this may be regarded as *ultra vires* of the Constitution. I request the hon. Minister to consider this aspect and not leave it to be decided by the courts later on.

***Expunged as ordered by the Chair.

Another aspect which I would like to bring to the notice of the House is about the right of pre-emption. If a man wants to purchase the property it has to be determined on the consideration as to how much money is being paid so far his share is concerned. It is said in clause 24 that the man who applies to the court for the determination of this consideration and the man who proposes to purchase it, but refuses to purchase it later on, will have to pay all the costs. It is all right if there is only one sharer; but suppose there are half a dozen sharers, one of them may go to the court only for the determination of the value of the property. After fixing the value, if nobody comes forward to buy the property, it is put to auction and the highest bidder will get it. In such a case, if the man who proposes to purchase it, but subsequently refuses to purchase it, is asked to pay all the costs, it will be too much. I would suggest that as regards pre-emption, the seller as well as the buyer should be asked to distribute equally between themselves the expenditure in connection with the sale.

Shri S. S. More (Sholapur) *rose*—

Mr. Speaker: One hon. Member wants to go away; I will call him first and then I will call Mr. More.

An Hon. Member: Nobody is hungry yet.

श्री रघुवीर सहाय (जिला एटा–उत्तर पूर्व व जिला बदायूं–पूर्व) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप का बड़ा मश्कूर हूं कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया । यह एक ऐसा बिल है जिस पर अगर कोई मेंबर साहबान सख्त बातें भी कहें तो हम लोगों को इस के लिये तैयार रहना चाहिये कि उन की बातों को खामोशी के साथ हम सुनें । यह एक समाज सुधार का बिल है और इस पर लोगों के ख्यालात काफी सख्त हो सकते हैं ।

12 NOON

कल हमनें पंडित ठाकुरदास भार्गव की काबिल तकरीर सुनी । वह हमारे यहां के बड़े तजर्बेकार और कानूनी मेम्बर हैं । दूनिया का उन्हें तजुर्बा है । जिस तरीके पर कि उन्होंने यहां पर चीजें रखी उनमें बहुत कुछ वजन है और उन बातों को हमें सोचना चाहिये । लेकिन मैं अदब से अर्ज करूंगा कि उन्होंने अपनी बातों को एक

[श्री रघुवीर सहाय]

इन्तहा दर्जे तक पहुचा दिया है । दूसरी तरफ हमारी बहन सुभद्रा जोशी ने अपने ख्यालात इस बिल के बारे में रखे हैं उन्होंने ज्यादातर भावूकता का इस्तेमाल किया है । जोश ज्यादा दिखलाया है । वह मुझे माफ करेंगी अगर वह इस हाउस में हों, उन्होंने दानिशमन्दी का कम ख्याल किया । अगर आज हिन्दुस्तान में तमाम चीजें उनके ख्यालात के मुताबिक कर दी जायें तो हिन्दुस्तान न मालूम कहां पर पहुंच जाये ।

श्री सी० डी० पांडे : (जिला नैनिताल व जिला अलमोड़ा–दक्षिण-पश्चिम व जिला बरेली, उत्तर) : उनको इस बात की परवाह नहीं है ।

श्री रघुवीर सहाय : हम लोग जो यहां पार्लियामेंट (संसद) में बैठे हुए हैं, हम सभों का यह फर्ज है कि दो इन्तहा दर्जे की बातों को सुनकर बीच का रास्ता निकालें । हमारे यहां हिन्दी में एक मसल है कि "सांप मरे लाठी न टूटे" । हमारा काम भी बन जाये लेकिन उसके साथ ही साथ समाज के जो दकियानूसी ख्यालात हैं, जो कि बहुत समय से चले आये हैं, उन पर ज्यादा जोरों आघात और हमला भी न हो । मैं समझता हूं कि हमारे लीगल एफेअर्स (विधिकार्य) के मिनिस्टर , श्री पाटस्कर, साहब नें ऐसा ही रास्ता निकाला है । इस रास्ते पर चल कर वह कह तक कामयाब होंगे यह दूसरी बात है । मैं यह कहने के लिये तैयार नहीं हूं की जितनी बातें उन्होंने इस बिल में रखी ह वे सब काबिले मंजुरी हैं, उनमें किसी तरमीम की जरुरत नहीं है, या इससे ज्यादा बेहतर कोई चीज नहीं हो सकती थी । लेकिन जिस तरीक पर वह इस बिल को धीरे धीरे इस दरजे तक लाये हैं यह एक बड़ी अकलमन्दी की बात है और समझदारी और जिम्मेदारी की बात है ।

अब आप यह देखिये कि इस बिल की खास खास बातें क्या हैं और जो बात मैं ने कही है कि एक बीच का रास्ता निकाला गया है वह कहां तक सही है । इस बिल में जो खास बातें हैं उनमें से एक तो यह है कि एक हिन्द को इस बात का हक दिया गया है कि, चाहे वह ज्वाइंट फैमिली प्रापर्टी (संयुक्त परिवार की सम्पत्ति) हो या सेल्फ एक्वायर्ड प्रापर्टी (स्वअर्जित सम्पत्ति) हो, वह अपनी प्रापर्टी की जिस तरीके पर चाहे वसीअत कर सकता है, चाहे लड़के को दे सकता है, चाहे लड़की को दे सकता है, या किसी दूसरे रश्तेदार को दे सकता है, या चाहे तो किसी को भी न दे । उसे वसीअत करने का पूरा हक है ।

दूसरी खास बात इस बिल में यह है कि इस वक्त तक जो औरतों को प्रापर्टी में लिमिटेड राइट (सीमित अधिकार) है उसके लिये कहा गया है कि उसको पूरा राइट होना चाहिये । वह जिस तरीके पर चाहे अपनी जायदाद को इस्तेमाल कर सकती है और जो उसका लिमिटेड अधिकार है उसको खत्म कर दिया जाये ।

तीसरे हमारे बहुत से दोस्तों को इस बात का भय था कि अगर यह बिल उसी सूरत में पास कर दिया गया जिसमें कि वह पेश किया गया था तो देहात में काश्तकारी की जमीनें छिन्न भिन्न हो जायेंगी और गांवों की हालत खराब हो जायेगी । लेकिन मैं देखता हूं कि इस बिल में खास तौर पर एक क्लाज (खंड) रख दिया गया है कि जिसमें यह प्रावीज़न (उपबन्ध) किया गया है कि जो गांवों में खेती की जमीनें हैं उन पर यह लागू नहीं होगा बल्कि जो भिन्न भिन्न स्टेट्स (राज्यों) के टिनेन्सी लाज (काश्तकारी कानून) हैं वे ही लागू होंगे ।

Shri C. D. Pande: On a point of information, may I enquire whether what the hon. Member says that local State legislation will prevail over legislation passed by this House is correct?

Some Hon. Members: No, no.

Shri C. D. Pande: Otherwise, the apprehension is that this legislation will override and defeat the object of the legislation.

The Minister of Legal Affairs (Shri Pataskar): That is right.

Shri Pande: I wish, it were so.

Some Hon. Members: It is not so.

श्री रघुवीर सहाय : हमारे लायक दोस्त पांडे जी ने जो बात कही है उसके बारे में मै यह कहना चाहता हूं कि अगर दफा ४ के सब-क्लाज २ को देखें तो गालिबन उनके दिल के अन्दर और दसरे मैम्बर साहिबान के दिल के अन्दर जो शक है वह दूर हो जायेगा । सब क्लाज २ में यह लिखा है :

> "(2) For the removal of doubts it is hereby declared that nothing contained in this Act shall be deemed to affect the provisions of any law for the time being in force providing for the prevention of fragmentation of agricultural holdings or for the fixation of ceilings or for the devolution of tenancy rights in respect of such holdings."

Shri C. C. Shah (Gohilwad-Sorath) : It does not mean that succession to agricultural land will not be affected; all that it means is that holdings may not be fragmented.

Shri Pataskar : Devolution of tenancy rights as made in provincial laws will not be affected.

Shri Bhagwat Jha Azad (Purnea *cum* Santal Parganas) : Could you tell us in how many States....

Shri Pataskar : I shall reply. I hope to satisfy if you are in a mood to listen.

श्री रघुवीर सहाय : यह हो सकता है, जैसा कि पंडित ठाकुरदास भार्गव ने कहा था कि बाज बाज स्टेट्स में टिनेन्सी लाज न हों, वहां के बारे में इस कानून मे तरमीम की जा सकती है । लेकिन एक आम प्रावीजन (उपबन्ध) ऐसा कर दिया गया है जिसमें कि जो खतरा आनरेबुल मेम्बर के दिमाग में था वह दूर किया जा सकता है ।

इस बिल में एक खास बात और भी है । मेंबर साहिबान ने ज्वाइंट सिलेक्ट कमेटी (संयुक्त प्रवर समिति) में और दूसरी जगह भी यह खतरा जाहीर किया था कि अगर एक मकान है और उस मकान में उसका लड़का भी रहता है, कई भाई हैं, उनकी बहुएं भी रहती हैं, और अगर लड़की जो कि दूसरे घर चली गयी है वह बाद में उस घर में हिस्सा लेना चाहे तो बड़ी दिक्कत हो सकती है। इस दिक्कत को दूर करने की भी कोशिश गयी और इस बिल में यह रखा गया है कि लड़की बहुत खास सूरतों में ही इस मकान में रहने के अधिकार को ले सकती है : मैं समझता हूं कि इस प्रावीजनसे भी वह खतरा बहुत कुछ दूर हो जायेगा ।

इसी तरीके पर एक ऐतराज यह भी किया गया था कि अगर लड़की को बाप का बुरसा मिलेगा और उस लड़की के कोई बच्चा नहीं है कि जो उसका वारिस बने, तो उस सूरत में उस बाप की जायदाद को जो दामाद के घर वाले हैं वह लेंगे । इस खतरे को भी दूर कर दिया गया है । अगर उसके कोई बच्चा नहीं है तो वह जायदाद वापस जायेगी और बाप के रिश्तेदारों और अजीजों को मिलेगी ।

एक चीज इस बिल में खास रखी गयी है जिसकी वजह से वह तमाम झगडे पैदा हो रहे हैं और वह यह है कि लड़की को लड़के के बराबर विरासत में हक दिया जा रहा है ।

मैं अर्ज करता हूं कि, जैसा कि मैंने शुरू में कहा था, कि ये इस बिल की खास चीजें हैं । लेकिन ये जबरदस्त तब्दीलियां हैं और इन की वजह से लोगों के दिलों में एक खलजान पैदा हो गया है । लोग यह समझते हैं कि इतनी तरमीमों को इस बिल में नहीं आना चाहिये था । लेकिन मैं अर्ज करता हूं कि जमाना बड़ी तेजी से तब्दील हो रहा है और हालात बड़ी तेजी से तब्दील हो रहे हैं और हमको उनके मुताबिक चलना चाहिये और जो चेंजेज (परिवर्तन) और तरमीमें सोसाइटी (समाज) इस वक्त करना चाहती है उनको हमें मंजूर करना चाहिये । ज्वाइंट सिलेक्ट कमेटी में हमारे दोस्तों ने जो ऐतराजात बतौर मिनिट्स आफ डिस्सेंट (विमति टिप्पणियां) दिये थे उनको भी राज्य सभा में दूर करने की कोशिश की गयी है । मसलन शुरू के बिल में इस बात को रखा गया था कि जो नाजायज तरीके के बच्चें होंगे उनको भी वैसा ही अधिकार होगा जैसा कि जायज बच्चों को । लेकिन उसके बारे में देखा गया है कि पबलिक ओपीनियन (लोकमत) उसके काफी खिलाफ है और उससे और भी खराबियां पैदा होंगी, इसलिये उस चीज को हटा दिया गया । इसी तरीके की और चीजों को कहने में चूंकि ज्यादा वक्त लगेगा इसलिये मैं उनको छोड़ता हूं ।

मैं यह देख रहा हूं कि जितने भी ऐतराजात जिस जिस स्टेज (अवस्था) पर किये गये हैं उन ऐतराजात को पूरे तरीके पर समझने की कोशिश की गई ह और जहां तक हो सका है उनको दूर करने की कोशिश की गई है ।

अब आप देखिये कि सब से बड़ी चीज जो इस बिल में रखी गयी है और वह है वसीयत का हक। वसीयत का हक पहले सब हिन्दुओं के लियेखुला हुआ नहीं था । इस हक को देने से इस बिलको जो सब से ज्यादा कडवापन है वह निकल जाता है। To take the sting out of the tail—यह अंग्रेजी का फ्रेंज (वाक्य) यहां पर एप्लाई (लागू) होता है और जिस वक्त कि आप वसीयत का हक एक हिन्दू को दे देते हैं तो इस बिल के अन्दर जितनी खराबियां हैं, वह मेरे खयाल में दूर हो जाती हैं । अगर कोई शख्स अपनी लड़की को न देना चाहे तो न दे और अपने लड़के को न देना चाहे तो ना दे, जैसे चाहे वसीयत करे । लेकिन जिस तरीके पर कि आज सोसाइटी चल रही है और जैसे कि लोगों के ख्यालात हैं, उस तरीके पर यही पूरी उम्मीद की जाती है कि कोई हिन्दु जिसके कि पास जायदाद ख्वाह वह मनकूला (चल) हो या गैर मनकूला (अचल) हो, वह इस तरीके पर तकसीम करेगा कि उसके

[श्री रघुवीर सहाय]

लड़के भी फायदा उठायें और लड़कियां भी फायदा उठायें वह पूरे इंसाफ के साथ उनके हक को देखेगा लेकिन इन तमाम बातों को कहने के बाद में यह समझता हूं कि यह बिल कोई फूल प्रूफ (त्रुटि हीन) नहीं है और जैसा कि मैंने शुरू में कहा था कि यह बिल ऐसा नहीं है कि उसमें कहीं पर नुक्ता तबदील नहीं किया जा सकता या फुलस्टाप (विराम-चिन्ह) तबदील नहीं किया जा सकता। इसमें ऐसी बातें हैं जिनकी कि तरमीम की जा सकती है क्योंकि हमारे लायक मिनिस्टर साहब ने अपनी तकरीर में कई मर्तबा कहा है कि इस बिल के लाने से हमारे यहां की जो सब से बुरी रस्म दहेज की है, लेनदेन की है और जिसकी की वजह से हिन्दुओं में आजकल एक बड़ी ही खराबी पैदा हो गई है, वह खराबी दूर हो जायेगी। मैं इस सिलसिले में उनसे बहुत अदब के साथ अर्ज करना चाहता हूं लेकिन बहुत जोरदार शब्दों में कहना चाहता हूं कि यह खयाल उनका ठीक नहीं है। मेरा खयाल यह है कि दहेज की रस्म बराबर जिस तरीके पर जोरों के साथ जारी है, उसी तरह जारी रहेगी क्योंकि जो दामाद और जो लड़का अपनी शादी करना चाहता है और उसके वालदैन उसकी शादी करना चाहते हैं वह कहेंगे कि हमें दहेज में इस वक्त जो चीज हम चाहते हैं, वह दो, यह जायदाद का जो तुम ढकोसला रखना चाहते हो, तो वह तो तब मिलेगी जब लड़की का बाप मरेगा और बाप न मालम कितने दिन बाद मरे, बीस वर्ष बाद मरे या कितने वर्ष में मरे, किसी को क्या पता, इसलिये मैंने लड़के को पढ़ाया लिखाया है उसके लिये तुम मुझे इसी वक्त डाउरी (दहेज) दे दो। कहने का मतलब यह है कि यह डाउरी का सिस्टम (दहेज प्रथा) इस बिल के पास होने से दूर नहीं हो सकता। मेरा खयाल यह है कि इस डाउरी सिस्टम के बारे में खास तौर से एक प्राविजन मैरिज बिल (विवाह विधेयक) में करना चाहिये था, आपने वह नहीं किया और मैं समझता हूं कि यह एक बड़ा भारी ओमिशन (लुप्ति) इसमें हमने छोड़ दिया है जिसकी कि वजह से हिन्दू जाति नुकसान उठायेगी और नुकसान उठा रही है।

एक सब से बड़ी चीज इस में यह रखी गई है और वह यह है कि हिन्दू अपनी जायदाद की वसीयत कर सकता है। जहां तक वसीयत के अख्तियार की बात है वह बहुत ठीक है और मुनासिब है और लोगों को वसीयत करनी चाहिये लेकिन यह कहा जा सकता है कि वसीयत तो सिर्फ पढ़े लिखे लोग ही कर सकते हैं, शहर में रहने वाले कर सकते हैं और कानून से वाकिफ कर सकते हैं लेकिन यह करोड़ों इंसान जो देहातों में रहते हैं और जो एक लफ्ज भी नहीं पढ़े हैं, जो कानून नहीं जानते हैं और जिनके पास जायदाद भी है, जमीन भी है, धन भी है, वे लोग क्या वसीयत करेंगे ? उनका यह समझना कि इसकी वजह से गांवों में झगड़े और टंटेबाजी ही बढ़ेगी, मैं अर्ज करता हूं कि यह उनका जायज खतरा और इस जायज खतरे को दूर करने के लिये हमारे मिनिस्टर साहब को कोशिश करनी चाहिये।

आखिर में अध्यक्ष महोदय, आपकी इजाजत से यह कहना चाहता हूं कि शुरू में मेरा भी यही खयाल था कि इस बिल की मुखालफत होनी चाहिये लेकिन जिस तरीके पर पबलिक ओपीनियन को बदलते मैं ने देखा तो मैंने पाया कि इसके मुताल्लिक राय आम्मा बदल रही है और मैंने भी अपनी राय को बदलना शुरू किया.....

एक माननीय सदस्य : स्लो प्वायजनिंग।

श्री रघुवीर सहाय : मैं एक मिसाल आपके सामने पेश करूंगा कि करीब तीन, चार महीने हुए, मेरी कांस्टीटूएंसी (निर्वाचन क्षेत्र) में एक लड़के और लड़कियों का इस विषय को ले कर डिबेट (वाद विवाद) हुआ और इत्तिफाक से वहां के आर्गनाइजर्स (संगठन कर्ताओं) ने यह कहा कि मैं उस पर प्रीसाइड (अध्यक्षता) करूं। सक्सैशन बिल (उत्तराधिकार विधेयक) पर वहां बहस होनी थी। मैं आपसे सच कहता हूं कि १५,१५ और १६,१६ वर्ष की लड़कियों और लड़कों की स्पीचेज को सुन कर तबियत बहुत खुश हुई।

एक माननीय सदस्य : और आपकी राय तबदील हो गई।

श्री रघुवीर सहाय : उन लड़के और लड़कियों की खुद की स्पीचेज नहीं थी, वह तो उनके वालदैन ने तैयार कराई थीं और जब मैंने उन बच्चों को इस विषय पर बोलते सुना तो मेरे दिल पर यह असर हुआ कि वाकई हिन्दू समाज में इस वक्त कुछ तबदीली पैदा हो रही है और यह लड़के और लड़कियां हिन्दू उत्तराधिकार विधेयक में जो प्राविजंस (उपबन्ध) रखे गये हैं उनको देख करके खुश हो रहे हैं वे और उनके बारे में जो यहकह रहे हैं, वे अपने

मां, बाप के ख्यालात को जाहिर कर रहे ह और उसका मेरे ऊपर यह असर पड़ा कि मैं ने यह तय किया कि मैं भी अपनी रजामंदी और मंजूरी इस बिल के लिये यहां पर पेश कर दूं।

श्रीमती उमा नेहरु (जिला सीतापुर व जिला खेरी पश्चिम) : अध्यक्ष महोदय, पेश्तर इसके कि मैं इस बिल के सम्बन्ध में कुछ कहूं, मैं अपने विधि मंत्री महोदय को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने इतनी मेहनत और कोशिश के बाद यह बिल हमारे सामने पेश किया है।

कल से मैं बराबर इस बिल के सम्बन्ध में व्याख्यान सुन रही हूं। और मैं भी आज चूंकि अवसर मिला है, उसके सम्बन्ध में कुछ चर्चा करूंगी। लेकिन उसके पहले मै आपको यह बतलाना चाहती हूं कि इस विषय में जो मैं ने पहला व्याख्यान सुना वह हमारे भाई श्री वी० जी० देशपांडे का था और जिन्होंने कि अपने भाषण में तीन वर्गों की चर्चा की थी। उसमें एक वर्ग तो शायद वह था जो कि हर वक्त दलीलें और बहसें किया करते हैं कि मनु जी के वक्त में यह था और यह नहीं था और दूसरे वर्ग का नाम उन्होंने रोमांटिक दिया और तीसरे वर्ग का नाम डरपोक है जो कि औरतों से घबराते हैं। तीनों वर्गों का आपने जिक्र किया और उनकी दलीलों को सुनने के बाद मुझे आपसे कहना है कि ऐसी बातों से कभी काम चलने वाला नहीं है कि साहब स्त्री को देख कर इतने नमदिल है कि आंसू बहने लगे या स्त्रियों को देख कर ऐसे घबराते हैं कि घर छोड़ कर भागते हैं, इस तरह की बातें अब हमें नहीं कहनी हैं। जरूरत इस बात की है कि हमें और आप को बगैर कोई गुस्से या जोश के किसी नतीजे पर पहुंचना है। स्त्री को देख कर तो आप कमजोर हो जाय या उससे आपको इतना प्यार हो कि आपकी आंखों से आंसू बहने लगें लेकिन मैं पूछना चाहती हूं कि आखिर इस प्रापर्टी (सम्पत्ति) के मामले में आप इतना सख्त दिल क्यों हैं? मैं कल से सोच रही हूं कि आखिर यह क्या चीज है? दूसरी बातों का मैं जबाब भी नहीं देना चाहती लेकिन एक बात जो कल पंडित ठाकुर दास भार्गव ने अपनी तकरीर के दौरान जोश और गुस्से में आकर कह डाली और उन्होंने एक जगह पर "रामायण का जनाजा" यह अल्फाज उन्होंने इस्तेमाल किये, उसके बारे में मैं वहेसियत एक स्त्री के कहती हूं कि उनके मुंह से "रामायण का जनाजा" शब्द सुन कर हमें बहुत तकलीफ हुई और मैं उनको इस बात का अच्छी तरह से यकीन दिलाना चाहती हूं कि रामायण का जनाजा हमने नहीं निकाला, बल्कि रामायण का जनाजा तो आप निकाल रहे हैं। जब आप रामायण की जनाजे की चर्चा करते हैं तो आज मैं आप को बतलाती हूं कि आज भारत स्त्री की वजह से कायम है। अगर भारत में स्त्री अपने सिद्धांतों में मजबूत न होती तो यह भारत कभी भी कायम नहीं रहता। आज उसी की वजह से वह कायम है। मैं अपने भाइयों से बताऊं कि मैं ने खुद देखा कि जैसी हवा आई, उस में मेरे भाई बहे। हम ने अपनी साड़ी, अपनी गृहस्थी और अपने घर के काम काज को नहीं छोड़ा, लेकिन हमारे भाइयों ने कोट पतलून पहना, टाई बांधी, बाहर जा जा करे नाचे भी, शराबें भी पीं, कोई कर्म नहीं हैं कि उन्होंने जो नहीं किया। फिर यह कहना कि रामायण का जनाजा हमारे हाथों निकला, यह ठीक नहीं है। यह हमारे भारत की बदकिस्मती है कि उस के बदकिस्मत पुत्र ऐसा सोचते हैं। अगर हमारे ठाकुर दास जी यहां होते, तो मैं उन को समझाती, लेकिन वह यहां नहीं हैं।

कुछ माननीय सदस्य : आ गये, आ गये।

श्रीमती उमा नेहरु : मैं उनको यकीन दिलाती हूं कि उन के मन में हमारे लिये कोई शंका नहीं होनी चाहिये। समाज में हमारी स्थिति कुछ भी हो, लेकिन भारत की जो सभ्यता है वह हमारे हाथों में है और हम ने उस को कायम रखा है और आगे भी उसी तरह से कायम रखने वाले हैं। जिस वक्त मैं ने इस बात को सुना तो मुझे खयाल आया कि आखिर बात क्या है, और मैं क्या देखती हूं? हमारे भाई ने भी कहा, हमारी बहन ने भी कहा। जाहिर है कि जोशीली स्पीचें हुई, गुस्से में हुई और हमारी बहन ने भी उसी गुस्से में बात की। लेकिन मुझे सिर्फ यह कहना है कि मैं ने स्त्री का इतिहास देखना शुरू किया कि आखिर क्या कारण है, क्यों हम को गर्व है वैदिक जमाने की स्त्री का। वैदिक जमाने में स्त्री कहां तक स्वतंत्र थी। कोई भी नहीं कह सकता कि वैदिक जमानें में स्त्री स्वतंत्र नहीं थी। लेकिन स्त्री आज इतनी गिरी क्यों? वैदिक जमाने के बाद मुझे स्त्री का पतन सा दिखाई देता है। यहां पर मनु जी की बड़ी चर्चा हुई। मनु जी ने अपने जमाने में स्त्री को बहुत कुछ बचा लिया, इस में कोई सन्देह नहीं है। लेकिन इतना ही सोच मुझे है, जिस के लिये मेरे भाई और वकील लोग मुझे समझायेंगे कि मैं यह देखती हूं कि मनु के जमाने से आज तक जो हमारा बेसिक आदर्श था उस में कोई तब्दीली नहीं हुई। हम से कहा गया कि

[श्रीमती उमा नेहरू]

सामाजिक तब्दीलियां इस लिये नहीं हुई कि यहां पर फारेन गवर्नमेंट (विदेशी शासन) थी । लेकिन आज हम चाहते हैं कि तब्दीलियां हों । मनु जी के जमाने में जो कानून हुआ वही आज तक चला आता है । मैं समझती हूं कि यदि आज मनु जी जिन्दा होते तो स्वयम् एक बड़ी हद तक वह कानून में परिवर्तन कर देते । यह मेरा ही मत नहीं है औरों का भी है।यहां हमारे माननीय सदस्य भी मेरी राय में इस चीज को ले कर डिवाइडेड (मतभेद) थे । यहां पर कहा गया कि आज कल की स्त्रियां जो हैं वे कनाट प्लेस में घूमती फिरती हैं । शायद उन्होंने गुस्से में ही ऐसा कहा होगा क्योंकि यह सब गुस्से की बातें हैं जिन से कोई फायदा नहीं । मैं चाहती हूं कि फिरसे वही वैदिक पीरियड युग आवे लेकिन आप तो जानते ही हैं की जो जमाना चला जाता वह फिर आ नहीं सकता है । लेकिन अगर वह जमाना नहीं आ सकता है तो कम से कम हमारे पास वैदिक पीरियड का नक्शा तो रखा है । क्यों न हम ऐसे कानून बनावें जिन की मदद ले कर हम फिर देश में वैदिक पीरियड की स्त्री की शक्ल इस कलियुग में ला कर रख सकें मैं नहीं चाहती कि आप इस शक्ल में अपने कानून को तब्दील करें जिस से हर एक घर में एक उपद्रव या तूफान मच जाय । लेकिन मैं यह जरूर चाहती हूं कि हमारे पुत्र और पुत्रियां जिन्दा रहें । मैं चाहती हूं कि जो कुछ भी हम यहां पर करें उस की बैकग्राउंड यहीं हो ।

मुझे आप से यह कहना है कि मैं वकील तो हूं नहीं, अगर वकील होती तो दलीलें करती, मैं सिर्फ कामन सेंस (सहज ज्ञान) थोड़ा रखती हूं और उसी कामनसेन्स से अगर मैं कुछ कहूं तो वकील लोग मुझे माफ करें और जो गल्ती मैं कर जाऊं उस पर ध्यान न दें । मैं समझती हूं कि सब चीजों को देखने के बाद हमारे सामने यह चीज आती है कि आखिर मिताक्षरा लॉ (विधि) और मिताक्षरा ज्वाइंट फैमिली (संयुक्त परिवार) है क्या चीज । जब हम मिताक्षरा ला को देखते हैं तो हमारे सामने यह चीज आती है कि कहां तक इन्हेरिटेंस (उत्तराधिकार) के लॉ को इस बिल में रखा जा सकता है और कहा तक उस को तोड़ा मरोड़ा जा सकता है, कहां तक हम उस को छांट सकते हैं हमें यह सोचना है कि अगर हम ने इस को बहुत ज्यादा काटा छांटा तो कहीं ऐसा न हो हमारे कानून के बन जाने के बाद कि हम रोज सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जा कर खड़े हो जायें । जहां तक मैं ने मिताक्षरा कानून को पढा है, मैं यहीं समझी हूं कि भले ही हम उस को बिल्कुल मिटा दें, खत्म कर दें, लेकिन उस मे पैच वर्क (फुटकर काम) नहीं कर सकते । उस को तोड़ मरोड़ कर नई चीजें उस में नहीं जोड़ सकते हैं । यह मेरा खयाल है, यह हमारे कानूनी भाई जानें कि मैं सही कहती हूं या नहीं।

इस के बाद मुझे यह कहना है कि इस सारे बिल को पढ़ने के बाद मैं सारी अपनी कांस्टिटुएंसी (निर्वाचन क्षेत्र) में घूमती फिरी, देहातों में ही मेरा ज्यादातर काम रहता है । देहातों के अपने भाइयों और बहिनों के घरों को देखने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंची हूं कि छोटी छोटी जमीने उनके पास हैं, छोटे छोटे घर हैं, यह सब चीजें हैं, लेकिन वह पढ़े लिखे नहीं हैं । वह कुछ जानते ही नहीं हैं । मैं अपने ग्रामीण समाज को देखने के बाद साफ तौर से कह सकती हूं , इस बिल को पढ़ने के बाद , उस की एक एक चीज देखने के बाद मैं समझती हूं कि हमारी सरकार के लिये यह ज्यादा मुनासिब होगा कि वह हमारे देहातों पर हाथ न रखें, देहातों से वह दूर रहे । जो लैंडस (कृषिभूमि) हैं उन को छुए नहीं । क्योंकि मैं यह जानती हूं कि अगर यह हुआ तो हमारी व्यवस्था बिल्कुल तबाह हो जायेगी । सरकार के पास कोई मंत्र नहीं है जिस से कि आप यह समझ सकें कि आप ने उस मंत्र को पढ़ा और सब जगह पीस (शान्ति) हो गई, शान्ति हो गई । मैं मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करूंगी कि वह इस को समझें कि सब की राय है कि लैंडस को इस बिल से एग्जेम्ट (मुक्त) कर दिया जाय ।

इन सब बातों के बाद मैं ने यह भी सोचा कि क्या वजह है कि आप मिताक्षरा के पीछे पड़े। जो मिताक्षरा का कानून है उस को तोड़ना, छांटना, तराशना, उस के भीतर घुस कर उस को तब्दील करने की कोशिश करना बेकार है । मैं कुछ अपने वकील भाइयों से मिली, जजों से मिली और उन से इस का जिक्र किया तो उन्होंने मेरा मजाक उड़ाया । उन्होंने कहा कि वह ऐसा कानून नहीं है जिस का छुआ भी जा सके । जब यह चीज हमारे सामने आई, और साथ ही यह चीज भी सामने आई कि हमें वैलफेअर स्टेट (कल्याणकारी राज्य) बनाना है जिस के लिये हम अलग अलग कानून बना रहे हैं, हम ने यहां पर इनकम टैक्स बिल (आयकर विधेयक) बनाया है, और भी इसी तरह की चीजें हम ने पास की हैं, तो कोई वजह नहीं थी कि मिताक्षरा के सक्सेशन (उत्तराधिकार) कानून को तब्दील किया जाय । हम को चाहिये था कि मिताक्षर

को अलग कर के एक इंडियन सक्सेशन ऐक्ट (भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम) पास करते अगर हम ऐसा करते तो म समझती हूं कि आप की जो मुश्किलें हैं, वह सारी की सारी दूर हो जातीं। मैं आप से कहना चाहती हूं कि मुझे मिताक्षरा या दायभाग से कोई शिकायत नहीं है, मुझे तो यह पता भी नहीं है कि वह क्या है। लेकिन म यह जरूर चाहती हूं कि हम कोई कानून ऐसा न बनायें कि जो कि हमारी स्त्रीयों को ही बुरा लगे और जिस कानून से सारे देश में, यहां तक कि देहातों में भी एक कंफ्यूजन (भ्रान्ति) हो जाय और जिधर मुंह फिरे उधर लिटिगेशन ही लिटिगेशन (मुकदमाबाजी) दिखाई पड़े। मैं चाहती हूं कि हम और आप इस खयाल को छोड़ कर बैठें कि हमें इस कानून में तब्दीली करनी है। हम को यह तय कर लेना चाहिये कि हम को स्त्री के लिये कुछ करना है, क्योंकि स्त्री गिरी तो इतिहास हमें बतलाता है कि वह प्रापर्टी सम्पति के ही सवाल पर गिरी। जब तक प्रापर्टी का सवाल नहीं था उस वक्त तक स्त्री नही गिरी थी, लेकिन हम को और आप को उस को ठीक से तक्सीम करना है। हमारी बेटी हमारी दुश्मन नहीं है। हमारे दामाद हमारे दुष्मन नहीं हैं। हमारे लड़के हमारे दुश्मन नहीं है। आज के दिन भीजो भारत में भाई बहिनों में प्यार है, और जगहों पर भी है, उस पर हमें गर्व है। हजारों चीजें हमारे यहां बहिनों ने भाई के प्यार से छोड़ी हैं और भाई ने हर मुसीबत में बहिन का साथ दिया है। भारत में भाई बहिन के इस प्यार में किसी भी कानून से फर्क नहीं आना चाहिये। मैं कहती हूं कि इस भाई बहिन के प्रेम के आदर्श को सबसे ज्यादा भारत में पालन किया गया है। आज हमारे प्राइम मिनिस्टर जो कि पीस (शान्ति) का इतना जिक्र करते हैं और इस विषय में इतने आगे जा रहे हैं, वह भारत के प्राइम मिनिस्टर हैं और भारतीय पुत्र हैं, वह पश्चिमीय पुत्र नहीं हैं।

एक माननीय सदस्य : दूसरे देशों में पढ़े हैं।

श्रीमती उमा नेहरू : तो मेरा कहना यह है कि यह आदर्श हमने अपने सामने रखा है और बगैर गुस्से के इस चीज को हमें आगे ले जाना है। मुझे तो आज अपने भाईयों से अपील करनी है। मैं आज आपके सामने माता के रूप में खड़ी हूं। मुझे जरा भी खुशी नहीं होती जब मैं देखती हूं कि समाज के टुकड़े हो रहे हैं। मुझे जरा भी खुशी नहीं होती जब कोई भाई इसका विरोध करता है और कहता है कि अगर स्त्रियों को जायदाद में हिस्सा मिलेगा तो हमार घरों में मुसीबत आ जायेगी। इसलिये हमें बैठकर यह सोचना है कि किस तरह से हमारी स्त्री जिन्दा रहे, किस हैसियत से जिन्दा रहे। मैं तो समझती हूं कि वह माता की हैसियत से जिन्दा रहे। वह फैमिली (परिवार) की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले। मैं समझती हूं कि फैमिली की जिम्मेदारी लेने का क्या मतलब होता है। यहां पर लाखों रुपये की बातें कही जाती हैं। लेकिन हमारे देश में तो ज्यादातर लोग बे पैसे के हैं। लेकिन जो तुम्हारा पैसा हो वह तुम्हारी माता के हाथ से खर्च हो। इसलिये मैं कहूंगी कि यह दो तीन चीजें जो मैं ने सरकार के सामने रखी हैं उन पर वह संजीदगी से गौर करे। मुझे उम्मीद है कि इस बात में हमारी सरकार हमारी मदद करेगी और इस बात का सदा ख्याल रखेगी कि हमारे देहात कायम रहें।

श्री टंडन (जिला इलाहाबाद, पश्चिम) : श्री अध्यक्ष महोदय, इस विषय पर मुझे बहुत नई बातें नहीं कहनी हैं परन्तु मैं आज इसलिये खड़ा हुआ हूं कि कुछ शब्द कह कर अपना कर्तव्य निभा दूं।

आज सरकार इतने क्रान्तिकारी प्रस्ताव को ले कर खड़ी हुई है। जब प्रवर समिति में इस विधान को भेजने का प्रस्ताव पहले आया था उस समय भी मैं ने अपना मत सामने रखा था। मुझे को आशा थी कि हमारे मंत्री महोदय श्री पाटस्कर जी, जिन्होंने अपने पूर्व भाषण में भारतीय संस्कृति का आधार लिया था, उस संस्कृति को बिसारेंगे नहीं। मैं उनसे इस बात में सहमत था कि भारत में परिवर्तन होते चले आये हैं। भारत ने अपने को किसी तालाब में बांध दिया हो ऐसा कभी नहीं रहा है। पिछले अवसर पर भी मैं ने यहीं बताने का प्रयत्न किया था कि हमारा देश परिवर्तनशील रहा है। क्रान्ति से वह घबराया नहीं। क्रान्ति हमारे यहां का ही शब्द है। इसके लिये हमारे यहां स्मृतियों में स्पष्ट वाक्य हैं। हमने अपने को शास्त्रों के शब्दों से भी बांधा नहीं है, यह भी मैं ने आपसे उस समय कहा था।

केवलं शास्त्रमाश्रित्य न कर्तव्योवि निर्णय :।

केवल शास्त्र का सहारा ले कर कर्तव्य का निर्णय नहीं होता। यह बृहस्पति स्मृति का वाक्य है यहां तक हमारी स्मृतिया गयीं हैं। भारतीय समाज ने कभी अपने को कूप मंडूक नहीं बनाया। परन्तु उसकी कुछ मौलिक धारणायें रही हैं।

[श्री टंडन]

आज मैं देखता हूं कि हमारे पाटस्कर जी भी पश्चिमीय क्रम को इतना ऊंचा समझते हैं कि वे भारतीय क्रम को छोड़ कर उधर जाने की चिन्ता कर रहे हैं। हमारे एक भाई ने यह भी कहा कि हमारा देश बहुत पिछड़ा हुआ है और पिछड़े हुए देश में रहना उचित नहीं, इसलिये उसे आगे बढ़ाना चाहिये और आगे बढ़ाने का अर्थ है पश्चिमीय क्रम पर चलना। मैं उनसे बहुत अधिक नहीं कहना चाहता। पर मैं समझता हूं कि पश्चिमीय क्रम पर चलना तो बहुत उन्नति का लक्षण नहीं है। यह मैं बहुत स्पष्ट कहना चाहता हूं। हर बात में पश्चिमीयता, विशेषकर जहां चारित्रिक और सामाजिक क्रम का सम्बन्ध ह, वहां उनके पीछे चलना हमारे लिये हानिकर ही होगा। जो हमारा भारतीय क्रम हे उसको हमें सदा अपनी आंख के सामने रखना चाहिये, उसे कभी आंख से ओझल नहीं होने देना चाहिये। मैं पाटस्कर जी से यह पूछता हूं कि हमारे देश में लड़कियों का सम्मान और आदर किसी देश से क्या उन्होंने कम देखा है? हमारे यहां अपनी बच्चियों से क्या किसी दूसरे देश की अपेक्षा प्रेम कम है। हमारे यहां के पिता अपनी लड़कियों के लिये हमारे यहां के भाई अपनी बहिनों के लिये, हमारे यहां के चचा अपनी भतीजियों के लिये जितना करते हैं और आज भी कर रहे हैं क्या संसार में कोई और देश है जहां उससे अधिक किया जाता हो? लड़कियों के आदर का प्रश्न इस प्रकार का है जिसके सम्बन्ध में ऐसी आवाज लगाना, जैसी कि हमारी एक बहिन ने पीछे से आवाज लगायी थी कि यहां उनका आदर नहीं है, नितान्त अशुद्ध है। कहीं अपवाद हो सकता है, भूलें भी होती है। उन्होंने उदाहरण दे दिया कि घरों में लड़कियों को दूध भी नहीं मिलता और लड़कों को मिलता है। भला यह क्या बात है? हमारे यहां मातायें अपने लड़कों और लड़कियों के लिये क्या करने को तैयार नहीं होंगी? लेकिन यह छिपाने की बात नहीं है कि लड़कियों और लड़कों में एक अन्तर है। प्रेम खीचने वाले वे दोनों हैं, पर वे सब दृष्टि से बराबर हैं यह कौन कह सकता है। यह क्या सही है? क्या यह प्रकृति का क्रम है कि दोनों बराबर हैं और मैं पूछता हूं कि आप बारबार यह जो इक्वैलिटी (समता) शब्द इस्तेमाल करते हैं, उससे आपका तात्पर्य क्या है? वे समझे हुए इक्वैलिटी शब्द यहां पर प्रयुक्त किया जाता है। किस बात में इक्वैलिटी? बिल्कुल दोनों का ढंग दूसरा ह, और रहन सहन दोनों का अलग अलग है प्रकृति ने दोनों को जुदा जुदा कामों के लिये बनाया है और यह स्पष्ट है कि एक ही काम दोनों नहीं कर सकते, दोनों के मुख्य कर्तव्य अलग हैं। हमारे भारतीय समाज ने उस कर्तव्य को समझने का यत्न किया है और उसके अनुसार दोनों को अलग अलग स्थान दिया है। मैं पूछता हूं कि गृहस्थी का भार क्या कहीं किसी ने लड़की के उपर डाला है? कोई व्यक्ति यह आशा नहीं करता कि बुढ़ापे में मुझ को मेरी लड़की खिलायेगी या गृहस्थी का भार बुरे दिनों में सम्हालेगी। यह तो कोई आशा नहीं करता और इस कारण से जायदाद के बंटवारे के क्रम में अन्तर रहा है। यदि उसमें हमको कुछ दोष लगे तो हम सम्हालने का यत्न करें, उसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है परन्तु आज जो आप यह लड़के और लड़की को बराबर करने का क्रम कर रहे हैं, उससे तो यह स्पष्ट मालूम होता है कि हमारे समाज का जो क्रम है, उसकी ओर से आपने अपनी आंखों में पट्टि बांध ली है। हमारे समाज का क्रम बिलकुल दूसरा है। आप प्राचीन काल के उस सिद्धान्त को न मानें जो कि पुराने लोग मानते थे कि हम को पुत्र नरक से बचायेगा, उसको छोड़ दीजिये, जिस कारण से पुत्र को समाज में एक विशेष स्थान था, आप उस सिद्धान्त को न मानें और उसको छोड़ दीजीये परन्तु यह तो आपके सामने है ही कि गृहस्थी का भार पुत्र उठाता है लड़की नहीं उठाती। आपको पिंडदान में या तर्पणों में विश्वास हो या न हो परन्तु यह क्रियायें लड़का करता है लड़कियों से नहीं लिया जाता।

संसद काय मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह): लोग अजकल तर्पण ही नहीं करते।

श्री टंडन: संभव है कि कनाट प्लेस से तर्पण उठ गया हो और शायद पार्लियामेंटरी जगहों से भी तर्पण उठ गया हो परन्तु हमारे देश से अभी तक तर्पण उठ नहीं गया है और आज भी वह जारी है। हमारे समाज में तर्पण का अधिकार पुरुषों को दिया गया है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि पिता लड़की से प्रेम नहीं करता है, वह लड़की से भी लड़के के समान ही प्रेम करता है लेकिन यह जानता है कि लड़की दूसरे घर में जाने वाली है, उसका जो अधिकार है वह दूसरे ढंग का है और उसको दूसरे घर में अधिकार प्राप्त है। इसमें कोई लड़की या लड़के में अन्तर का प्रश्न नहीं है। एक नर है और एक मादा है, इसका प्रश्न नहीं है। मैंने उस समय भी कहा था और आज भी दुहराता हूं कि आप लड़कियों को जो पिता की सम्पत्ति में अधिकार देते हैं, यह

अनुचित हैं, ऐसा नहीं होना चाहिये । जहां तक लड़कियों के पिता की सम्पत्ति में अधिकार का सम्बन्ध है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब तक कि वह घर में और विवाहित नहीं हो जाती, उसको अधिकार प्राप्त होना चाहिये और किसी ने यह सुझाया भी था कि अविवाहित लड़कियों को पिता की सम्पत्ति में अधिकार मिलना चाहिये आप उसको उस अवस्था में अधिकार दे सकते हैं लेकिन अगर न ी दें तो भी कुछ बिगडता नहीं है । अधिकार न भी हो तो भी हम जानते हैं कि माता, पिता, भाई सम्पत्ति को बेच कर भी पुत्री और बहिन का ब्याह करते हैं । अभी अभी जब मैं घर से इधर आ रहा था तब मैंने एक मित्र के सम्बन्ध में जो कि लोक सभा के सदस्य ह अपने घर में सुना कि उनकी लड़की का ब्याह होने वाला है और तीन हजार रुपये उन्होंने कही से बटोर करके हाल में तिलक में दिया है । मैं उनकी स्थिति जानता हूं । उनके घर मे तीन हजार रुपया नहीं रहा होगा वे भाई कनौजिया ब्राह्मन है और बेचारे प्रथा के चक्कर में दब गये हैं । यह एक साधारण बात है कि हमारे यहां लोग लड़की के ब्याह के लिये बहुत मुसीबतें उठाते हैं । अब आप इस विधेयक के द्वारा पिता के चले जाने के बाद उसके परिवार में झगड़ा मचाना चाहते हैं । लड़की तो स्वयं झगड़ा नहीं करेगी लेकिन जिस घर में लड़की जायेगी वहां वालों का और उसके पति का उस पर दबाव पड़ेगा कि वह अपने भाईयों से झगड़े बाजी करे । मेरी तो समझ में नहीं आता कि आप इस तरह का कानून बना करके करने क्या जा रहे हैं । मैं बुद्धिवादी हूं, मैं रूढ़िवादी नहीं हूं । मैं बुद्धि के कांटे पर शास्त्रों को तौलता हूं, वेदों को भी तौलता हूं परन्तु आपको भी तोलता हूं जब मैं वेदों को तौलने को तैयार हूं तो आपको और आपके मंत्रिमंडल को और जो ऊपर के नेतागण हैं उनको भी तो अपनी बुद्धि पर तौलता हूं । आपके नेतागण और वे सब लोग जिनके भरोसे पर आप यह विधेयक लाये हैं बिल्कुल पाश्चात्य ढंग से सोच रहे है । आज आवश्यकता यह है कि आप भारतीय संस्कृति की रक्षा करें और इस समस्या पर भारतीय ढंग से सोचे और कुटुम्बों का नाश न होने दें । मैं तो युक्ति की बात कहता हूं । क्या आपकी बात युक्तिसंगत है ? मैं युक्ति के विरुद्ध नहीं जाता ।

युक्ति युक्त वचो ग्राहयम् ।
युक्ति हीनं वचः त्याज्यम् ।।

मैं तो इसका मानने वाला हूं । मैं इस सम्बन्ध में आपको एक पुराना श्लोक सुनाता हूं जो कि इस प्रकार है :

युक्ति युक्तं वचो ग्राह्यम बालादपि शुकादपि ।
यूक्तिहीनं वचस्त्याज्यम् वृद्धादपि शुकादपि ।

यदि कोई वृद्ध भी और यदि कोई मिनिस्टर भी बैठ कर के कोई युक्तिहीन बात कहता है तो वह बात त्याज्य है । हमारे देश की यह परम्परा रही है कि कोई वृद्ध या स्वयं शुकदेव जी भी अगर आपसे कोई युक्तिहीन बात कहें तो वह त्याज्य है लेकिन अगर युक्तिसंगत वाणी कोई बच्चा या तोता भी कहे, 'शुक' शब्द पर श्लेष है, बच्चा या तोता भी अगर युक्तिसंगत बात कहे तो ग्राहय होनी चाहिये । हमारे देश की यह परम्परा रही है ।

पहले से कानन नहीं है इस कानून की परवाह किये बिना कानून बना सकती है । और ऐसा प्रावीजन (व्यवस्था) कर सकती हैं कि जमीन के रूप में सम्पत्ति लड़की को नहीं दी जायेगी । क्या आप समझते हैं कि इस सब-क्लाज (उपखंड) के अनुसार लड़कियां जमीन में अपने हिस्से की मांग नहीं कर सकेंगी । अगर आपका ऐसा इंटरप्रिटेशन है कि लड़किया इस कानून के अनुसार जमीन में अपना हिस्सा नहीं मांग सकेंगी तो मुझे कोई ऐतराज नहीं है । लेकिन हम देखते है कि यह इंटरप्रिटेशन नहीं हो सकता । आप कहते हैं फ्रेगमेंटेशन आफ होल्डिग्स (जोतों का छोटे टूकड़े में बंटना) के बारे में .....

श्री कासलीवाल (कोटा-झालावाड़) : यह तो जमीन पर लागू होने के लिये रखा गया है।

श्री भागवत झा आजाद : यही बात है । फ्रेगमेंटेशन आफ होल्डिग्ज़ का जिक्र इसीलिये किया गया मालूम होता है कि लोग इसको होल्डिग के बारे में समझ लें । अभी तक इस बात का निर्णय नहीं हो पाया है कि होल्डिग क्या है, फ्रेगमेंटेशन क्या है, सीलिंग (अधिकतम सीमा) क्या है । मैं नही समझ सकता कि इस सब-क्लाज से जो आप कहते हैं वह कैसे सम्भव होगा । आज कांग्रेस की मीटिंग्स सभाओं में और बाहर भी कहा जा रहा है कि सीलिंग को लगाकर हम प्रोडक्शन (उत्पादन) को बढ़ायेंगे । लेकिन अब इस पर भी सन्देह प्रकट किया जाने लगा है । मैं तो अभी भी उन लोगों में हूं जो कि यह कहते है कि सीलिंग लगाने से उत्पादन बढ़ेगा लेकिन मेरे कुछ वैज्ञानिक और अर्थशास्त्री मित्र इस बात पर सन्देह प्रकट करने लगे हैं । वह समझते हैं कि शायद सीलिंग करने से प्रोडक्शन घट जाये । जहां यह हालत है वहां आपको यह भी सोचना होगा कि अगर किसी के पास एक एकड़ या दो एकड़ या तीन एकड़ जमीन होगी तो क्या उसका बटवारा करना ठीक होगा । अभी हमारे यहां सीलिंग का प्रश्न चल रहा है कितने ऐसे आदमी हैं जिनके पास बहुत जमीन है । आज हमारे यहां ९० या ९५ प्रति शत ऐसे किसान हैं जिनके होल्डिग बहुत छोटे हैं । मेरा विश्वास है कि इस दृष्टि से कानून मंत्री ने इस प्रश्न को सोचा ही नहीं है । आप अब सोंचे कि इसका क्या अर्थ होगा ।

मैं एक गरीब आदमी हूं । मैं ने हाल में अपनी भतीजी का विवाह किया है। पांच हजार रुपया तो नकद दिया है । इतने पर वे लोग इसलिये संतुष्ट हो गये कि उन्होंने समझा कि यह एम० पी० (संसद सदस्य) है कोई अच्छी नौकरी दिलवा देगा । बरात आयी डेढ़सो और कोई साढ़े तीन हजार रुपया उनके खाने पीने पर खर्च हुआ और इसके अतिरिक्त घड़ी, रेडियो आदि और दिया गया और यह हमने खुशी खुशी दिया क्योंकि हमने सोचा कि लड़की का हिस्सा हमारी प्रापर्टी (सम्पत्ति) में है । लेकिन अगर कानून पास हो गया और मेरे पुत्री हुई तो मैं कहूंगा कि मैरिज सैरीमनी (विवाह संस्कार) की कोई जरूरत नहीं है, कोर्ट में चलो पांच रुपये में शादी हो जावेगी ।

एक माननीय सदस्य : वह कानून तो है ।

2 P.M.

श्री भागवत झा आज़ाद : मैं भी कह रहा हूं कि वह कानून है । तो हम अपने होने वाले दामाद से कहेंगे कि कोर्ट में शादी कर लो और जो मेरी ६ एकड़ जमीन है उसमें से एक एकड़ तुम ले लो । मैं समझता हूं कि मेरी बहिनें मुझ से नाराज होंगी, लेकिन मैं इस प्रश्न को आर्थिक दृष्टि से देखता हूं क्योंकि मैं अर्थशास्त्र का विद्यार्थी हूं । यदि आज इस देश में सम्पत्ति चल होती तब तो दूसरी बात थी । लेकिन इस देश की ८० से ९० प्रति शत सम्पत्ति अचल है । मैं इसको ठीक नहीं समझता कि उसका बंटवारा हो । मुझे इस बात का दुःख है कि आपने सिर्फ एक ही बात को समझा है और वह है पिता की सम्पत्ति में लड़की द्वारा जैसे भी हो बंटवारा करने की बात। मैं ने जो कुछ कहा है उससे यह अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिये कि मैं ने लड़कियों को पिता की सम्पत्ति में अधिकार मिलने का विरोध किया है । मैं ने तो केवल यह बतलाया है कि आज जैसी हमारी आर्थिक अवस्था है उसमें इस तरह का बटवारा करना संभव और उचित नही होगा । मैं इस बिल का समर्थन करते हुए यह चाहता हूं कि जमीन के बटवारे वाली बात को इसमें से निकाल दिया जाय । आज इस तरह का कानून लागू करने के लिये अनुकुल परिस्थिति विद्यमान नहीं है और इसलिये बेहतर होगा कि इसको एक साल बाद फिर लागू किया जाय और जमीन को इस कानून से बाहर रखने की जो बात श्रीमती उमा नेहरू ने की है उस पर सरकार को गम्भीरता-पूर्वक विचार करना चाहिये और हम अधिकांश सदस्य उनके इस विचार से सहमत हैं, जिस विचार का प्रतिपादन हमारी श्रीमती उमा नेहरू ने किया है, उसको सदन के अधिकांश सदस्यों का समर्थन प्राप्त है । इसके अतिरिक्त एक दूसरा

[श्री भागवत झा आज़ाद]

आलटरनेटिव (विकल्प) यह है कि अगर लड़की को हिस्सा देना है तो उसको पिता की सम्पत्ति में से दिया जाय और सब भाईयों के बराबर दिया जाय । इन शब्दों के साथ मैं इन शर्तों के साथ इस विधेयक का समर्थन करता हूं

Shri S. V. L. Narasimham (Guntur): I have been following the speeches of some of the hon. Members. It looks as though they suggest that those of us who are in support of this Bill are out to destroy the ancient culture that has been handed over to us. I would respectfully submit, and emphatically too, that I am as much proud of the ancient culture as those who have claimed the same with respect to it. But, after all, I would like to question whether there is nothing like development of culture, whether culture reaches a particular point and there stops and stagnates. What I gathered and understood from the ancient culture that has been handed over to us is that society should stand for development, and as such society has got a right as much as a duty to adjust itself and frame laws and regulations to contribute to progress in the future also. So, if today we want to codify any particular aspect of Hindu law, it does not suggest for a moment that it is inconsistent with the ancient culture that has been handed over to us.

You will agree with me that legislation, after all, is not the end but only the means, and legislation must reflect the aspirations of the people and must be such as to facilitate the fulfilment of the aspiration, and not to retard it. Now, let us think for ourselves as to what kind of society we would like to evolve in this country. Is it our wish that we should have a society in India which encourages the observance of untouchability? Is it not our aspiration to root out untouchability in every form and fashion in which it is being exercised? Do we want that we should allow our women to be confined to the perpetual misery of widowhood? Is it not our ambition to rescue them from that position? Is it not being said that our society being caste-ridden has practically led to the disintegration of the nation itself? Are we not out to eliminate casteism and communalism? Further, if only we read our Constitution, we will easily find what our objectives are. We have stated there that it is our aspiration to promote social and economic justice. We would like to remove all inequalities. We want to abolish discriminations based on sex or religion or caste. Under these circumstances I would respectfully submit that it is our right to frame the law which is going to fulfil our aspirations, and we also owe it to ourselves as a duty that we should proceed ahead. After all, the ancients themselves conceived of a pattern of society which they felt was the best and they framed regulations in order to achieve that object. If that was so we are equally justified in deciding to amend the regulations when we are convinced that it is going to contribute to the progress of our nation.

Another argument that is being advanced is that this law is out to disrupt family life, particularly joint family life. I disagree with it. I have read and studied every provision of this Bill and I have not been able to convince myself that there is a single provision which seeks to destroy the joint family system. The Bill contents itself by declaring who the persons will be who will succeed to the property of the deceased and what their share in the property will be. It does not suggest for a moment that every heir should necessarily ask for partition. There is nothing to suggest that this Bill contains it. If a person is entitled to property and he asks for partition, it is being done not under this Bill but under the existing law itself. I for one cannot convince myself that this Bill as such is going to lead to disruption of the joint family. Let us understand the present law itself particularly in relation to Mitakshara coparceners. What is the peculiar feature of the Mitakshara coparcenary? The Mitakshara coparcenary has got a distinguishing feature namely that the moment a son or grandson or great-grandson is born in a family, he secures a right by birth to a share in the joint family property. And survivorship is another distinguishing feature of the system.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

But does these Hindu coparcenary system assure or ensure against partition of the lands? When you concede a right by birth, you have also conceded the right to partition. And to effect a partition nothing is needed. A mere unequivocal communication by one member of the coparcenary to the other members of his intention to partition is itself sufficient in law to amount to

partition. So, the moment you have conceded the right to partition, that itself shows clearly that you have shown the seeds for the disruption of the joint family, and it is idle to contend that this Bill is going to contribute to the disruption of the joint family.

Then I come to the clauses themselves. I was one of the members of the Joint Committee. We thought it proper to define the word "related" under clause 3(1)(j). The Bill as it was introduced and presented to the Joint Committee suggested that so far as illegitimate children were concerned, they should be treated as legitimate in relation to the mother only. But we have to take into account the provisions that have been passed by this Parliament itself under the Special Marriage Act and the Hindu Marriage Act. In those cases also, under certain circumstances, if a marriage is declared void or invalidated, we thought it proper for us to protect the interests of the offspring for the simple reason that its interests require protection because of the declaration of nullity of the marriage. We thought that it would be proper for us, and the canons of natural justice themselves demand that the interests of the children who are innocent should be protected. So we felt that in all cases where the children could establish who the father was, they must be treated as related to the father also. This is nothing new. It has been a principle which has been accepted by this House itself when we enacted similar provisions under different enactments on prior occasions, and therefore I would suggest that the word "related" in so far as it relates to illegitimate children should also include legitimacy so far as the father's property is concerned.

Then I come to clause 4(2). I am afraid that under a misconception this clause is sought to be attacked. This clause does not exclude agricultural property from the operation of this enactment. We know that various State legislatures have been taking steps to prevent fragmentation of holdings. It is not a question of interference with the rights that people have acquired in the property, but it is only to prevent division by metes and bounds that the legislatures have contemplated legislation. There have been some doubts expresserd by some hon. Members that in the absence of a specific provision, this may interfere with the progressive legislation of agrarian reform that has been going on in the various States. It is only for that limited purpose of obviating any future disputes or doubts in regard to this matter that this clause was decided to be incorporated in the Bill. I would, however, add that even if this clause were to be totally deleted from the Bill itself, the situation will remain the same.

An argument has been advanced that agricultural property should be excluded from the term 'property'. After all, agricultural property is the main property that we have got in this country. With a view to preventing fragmentation and disruption of the whole property and so on, I can understand Parliament or the State Legislatures coming forward with legislation prohibiting even partitions. But I am unable to understand why agricultural property should be excluded. The working of this Bill will in no way effect the increase in production or the utility of the land, and it will not lead to any disastrous effects.

Then, I come to clause 6. I do agree that this clause does not read very happily. In fact, the underlying principle of this measure is that the discrimination on grounds of sex between men and women in regard to the right to property should be abolished. And we really wanted to ensure that equality. We did not want to be dogmatic. We did not want to be totally opposed to the wishes of our hon. friends like Pandit Thakur Das Bhargava. So, in the Joint Committee, the anxiety on the part of all of us was to see to it that if it were possible for us to retain the theory of right by birth and the theory of right by survivorship, and at the same time confer the benefit of an equal share on a woman, then we ought to do so, and we ought to retain it. On the other hand, if that were not possible we felt it proper, the whole system of Mitakshara coparcenary itself should be abolished. The majority of the Members in the Joint Committee took the view that it was possible, and by utilising their ingenious minds they thought that they could certainly reconcile both. Then, attempts were made to ensure this. Various drafts were circulated and discussed, and ultimately the provision took the present shape. If any hon. Member were to go through the various dissenting minutes appended to the Joint Committee's report, he would find unanimity of

[Shri S. V. L. Narasimham]

agreement on the part of the Members —irrespective of whether they supported it or opposed it—that so far as this clause 6 was concerned, it did not read quite happily, and that it did not fulfil the object with which it was sought to be framed.

After all, let us not forget that the Mitakshara coparcenary system is a dwindling institution. The moment you have conceded the right to partition, that itself has led practically to the disruption of the coparcenary system, so much so that there is absolutely no meaning in thinking in terms of trying to arrest the decay of an institution which is anyhow going to die. However, if it is possible to give the same right to a daughter as to a son, then I would say that let any hon. Member come forward with a suitable amendment which is going to fulfil that purpose, and I shall be the first person to support that. But I, for one, at this juncture, have absolutely no doubt that it is not possible for us to achieve such an object so long as we do not abrogate the right by birth and so long as we do not put an end to the theory of survivorship.

I agree to the criticism directed against clause 17(1) and clause 17(2)(a). This clause does not affect the general rule of succession in the case of female Hindus. The Code, as a matter of fact, gives the right to a share in the property of a deceased person, to a wife, even though there are no children. But in the case of the husband, when the property has devolved upon his wife through her father or mother, in the absence of children, it looks as though he is denied his legitimate share. This is discrimination and nothing else. I have received also the views of women on this clause. They also have protested against this. I would therefore respectfully submit that clause 17(1) should be suitably amended.

In conclusion, I should submit that there is absolutely nothing here by way of giving up our ancient traditions or ancient culture. All that we are seeking to do is to see to it that society will progress in an orderly fashion, and that what is felt to be a social evil which has crept in, and of the evil effects of which we are convinced, namely the inequity which has crept in, should be allowed to go. That is all that we are seeking to do. The ancient culture in all its pristine glory is being maintained intact, and the modifications that we are suggesting by way of this Bill are only to contribute to the further growth of our culture and not in any way to destroy it.

श्रीमती कमलेन्दुमति शाह (जिला गढ़वाल पश्चिम व जिला टिहरी गढ़वाल व जिला बिजनोर-उत्तर) : उपाध्यक्ष महोदय, पुत्रियों को सम्पत्ति में अधिकार मिलने के सम्बन्ध में मेरे विचार इस प्रकार हैं । महिलाओं के कष्ट दूर करने के लिये आज इस सदन में मेरे भाई जिनके यहां भी पुत्रियां हैं, बहनें हैं, मातायें हैं, जो प्रयत्न कर रहे हैं वह सराहनीय है । परन्तु उन प्रयत्नों का परिणाम क्या होगा मैं समझती हूं कि यह भी एक विचारने की बात है । आज मुझे दुःख के साथ यह कहना पडता है कि आज स्त्रियों की दूर्दशा हो रही है, यदि स्त्रियों को कष्ट है , यदि आज वह उचित बर्ताव नहीं कर रही हैं, तो इस का कारण उन के भाई पिता और पुत्र हैं । इस लिये यदि स्त्रियों के दुःखों को आप दूर करना चाहें तो पिता, भाई और पुत्र ही दूर कर सकते हैं और उस के लिये वही उपाय कर सकते हैं । कोई भी पिता अपनी पुत्री को देने में कुछ कमी नहीं करता है, यहां तक कि उस का विवाह करने में ऋणी तक हो जाता हैं, अनगिनत कष्ट सहकर पिता विवाह करने के बाद पुत्री को त्योहारों में बुला कर कुछ न कुछ अवश्य देता है । पिता को पुत्री की चिन्ता जितनी होती है उतनी पुत्र के लिये नहीं होती । पुत्र के लिये इतनी ही चिन्ता होती है कि वह थोड़ा पढ़ ले और पढ़ने के बाद कुछ काम करे और खेती में हाथ बटाये । लेकिन जैसा मैं ने कहा पुत्री की चिन्ता में वह ऋणी तक हो जाता है । इस लिये यह नितान्त गलत बात है कि पिता पुत्री की अवहेलना करता है अथवा पुत्री को पिता कि सम्पत्ति का पुत्र के समान भाग नहीं देने से पुत्री की समाज में अवहेलना होती है । या समाज में उस का आदर कम हो जाता है । पिता की सम्पत्ति का आधा भाग तो सम्पत्ति कर में चला जायेगा, जो आधा भाग बचेगा वह पुत्रों के बीच बटेगा, जिस के कारण भाई भाई में स्वयम् झगड़ा होता है उस में यदि बहन ने अपना भाग मांगा तो उस पर से भी भाइयों का भी विश्वास उठ जायेगा, उन का प्रेम खत्म हो जायेगा कल यहां कहा गया कि बहन का और भाई का बंधन बहुत मजबूत होता है। यह सब होते हुए भी अगर बहन अपना भाग नहीं मांगती तब भी ससुराल वाले तो कानून का आश्रय

लेने से कभी नहीं चूकेंगे । नतीजा यह होगा कि सम्पत्ति के टुकड़े टुकड़े हो जायेंगे और उस सम्पत्ति को बचानेके लिये ममेरे और चचेरे भाई बहन में विवाह होने की प्रथा चल पड़ेगी और हमारा नैतिक पतन हो जायेगा ।

यह जो कहा जाता है कि लड़कियों को बराबर का भाग देने से समाज उन का आदर करेगा, इस में मुझे शक है । आदर के बदले घर में रही सही शान्ति और आपस का प्रेम भी खत्म हो जायेगा और बहन को तब भी कुछ प्राप्त नहीं होगा । आज मैं पूछना चाहती हूं कि अगर बहन को सम्पत्ति का बराबर भाग मिलेगा तो क्या उस के कोमल कन्धों पर आप उस के पिता के कर्ज का बोझ भी डालेंगे जो कि भाई तथा घर वाले देते हैं ?

एक माननीय सदस्य : कर्जा का बोझा भी उठाना पड़ेगा ।

श्रीमती कमलेन्दुमति शाह : गरीब से गरीब मां और बहिन अपने पति और बच्चे को, भाई को स्वयं भूखे रह कर खिलाती हैं । जब बहन अपना भाग मांगने लगेगी तो क्या उस का प्रेम अपने भाई के प्रति सुदृढ़ रह सकेगा ? कम से कम मुझे तो इस में शंका है ।

कन्या भी पुत्र के समान पिता की सम्पत्ति का भाग पा जायेगी, सुनने में यह बहुत भला लगता है, परन्तु व्यवहारिक रूप में इस का क्या परिणाम होगा ? इस का परिणाम यह होगा कि वर पक्ष वाले केवल सम्पत्ति का ध्यान रखेंगे कि कन्या के आने से कितनी सम्पत्ति मिलेगी और उसी के अनुसार सम्बन्ध करेंगे । इस से मुझे यह शंका होती है कि कन्या को विवाह के पश्चात् शायद ही कोई आराम न मिल सके । यह एक विचारणीय विषय है ।

यदि पति द्वारा पत्नी को कोई भाग मिल सकता है तो उस का उपाय रखा जाय क्योंकि यह ठीक है और उस को पति की सम्पत्ति में से आधा भाग दिलाया जाना चाहिये । महिलाओं को अपने पति की सम्पत्ति में पूर्ण अधिकार है और वह उन को मिलना चाहिये । मेरी समझ में यह बात नहीं आ रही है कि जैसे भाई से आप बहन को आधा भाग दिला रहे हैं उसी तरह से आप पति से पत्नी को उस की सम्पत्ति का आधा भाग क्यों नहीं दिला रहे हैं । यह बात मेरी समझ में नहीं आती है । यह तो बिलकुल सीधी सी बात है कि स्त्री ने विवाह के बाद जिस घर मे जाना है उस घर में सम्पत्ति का भाग मिलना चाहिये । अगर उस को भाई की सम्पत्ति में भाग देने की व्यवस्था की गई, तो वह सम्पत्ति पराये हाथों में चली जायगी और पितृगृह वालों को अवश्य असुविधा होगी इस बात में कोई संशय नहीं है । अगर पति की सम्पत्ति पर पत्नी का अधिकार होगा, तो इस में पति को कोई असुविधा का प्रश्न ही नहीं है और आवश्यकता पड़ने पर वह सम्पत्ति उस स्त्री के काम आयेगी ।

मेरा यह निवेदन है कि अबैध बच्चों को कोई अधिकार न देना बहुत गलत बात है । उन बच्चों का कोई दोष नहीं होता है । अगर आप उन को कुछ नहीं देना चाहते हैं, तो इस का तात्पर्य यह है कि आप उन को भूखा मारना चाहते हैं ।

इस विधेयक द्वारा स्त्रियों को अधिकाधिक सुख पहुंचाने के लिये प्रयत्न किया गया है । परन्तु इस सम्बन्ध में मुझे अधिकार होता तो मैं तो यह व्यवस्था करती कि पुत्री के जन्म लेते ही पिता एक बचत योजना आरम्भ कर दे और विवाह के समय वह धन उस को दे दे । इस प्रकार कन्या का भावी जीवन अधिक सुरक्षित हो जायेगा।

यह भी व्यवस्था की जाय कि विवाह के समय पति की सम्पत्ति का आधा भाग पत्नी को दे दिया जाय । इस अवस्था में पति अपनी पत्नी को कष्ट पहुंचाने में झिझकेगा और उस से ज्यादा मेल से रहने की सम्भावना होगी । अगर वह उस को कभी कष्ट भी देगा, तो वह सम्पत्ति उस स्त्री के काम आयगी और वह बिल्कुल असहाय और निराश्रय नहीं हो जायगी ।

यह बात बिल्कुल उचित और आवश्यक है कि अगर स्त्री का चालचलन बुरा हो या वह दूसरा विवाह कर ले, तो उस को पति की सम्पत्ति से वंचित कर दिया जाय ।

विवाह के समय पिता के द्वारा दिये गये धन को दहेज कहा जाता है, परन्तु उस को स्त्रीधन मानना चाहिये । आप हिन्दु ला में देखिये अथवा हिन्दी शब्द-कोष देखिये, आप यही पायेंगे कि दहेज का अर्थ स्त्रीधन है, अर्थात् स्त्री उस की मालिक हो, लेकिन हम देखते हैं कि दहेज को वर की सम्पत्ति समझा जाता है । वर को तो जो कुछ लेना होता है, वह तिलक के समय दिया जाता है । और केवल उसी धन पर उसका अधिकार होता है उस धन को वह अपने पास रखे, लेकिन दहेज पर स्त्री का ही अधिकार

[श्री कमलेन्दुमति शाह]

होना चाहिये हम पुस्तकों में पढ़ते है कि पुराने राजा विवाह के समय दहेज में अपनी पुत्री को दासियां और गउए देते थे, जिन पर पुत्री का अधिकार होता था ।

स्त्रीधन को स्त्री अपने जीवन-काल में जिस प्रकार चाहे व्यय करे और उस पर उस का पूर्ण अधिकार हो और मृत्यू के बाद वह उस के पुत्र और पुत्रियों में बाट दिया जाय तथा उस पर मृत्यु कर नहीं लगना चाहिये । अगर आप स्त्रियों को वास्तव में कुछ सुविधा और सुख पहुंचाना चाहते हैं, तो यह प्रबन्ध कर दीजिये ।

मैं कानून के बारे में कुछ नहीं जानती लेकिन मैं अनुभव करती हूं कि इस में एक बड़ी उल्टी व्यवस्था यह की गई है कि पुत्री की सम्पत्ति माता-पिता को जाय । पता नहीं यह किस की ब्रेन-वेव (दिमाग की सूझ) है ? मेरी समझ में तो यह बात बिल्कुल नहीं आई है ।

वर्तमान विधान पति की मृत्यु के पश्चात पत्नी को उसकी सम्पत्ति की पूर्ण अधिकारिनी और समभागिनी बना देता है । अगर यह अधिकार विवाह के समय ही उस को दे दिया जाय, तो कितना अच्छा हो । इस तरह वह निश्चिन्त हो कर अपना जीवन व्यतीत कर सकेगी ।

मैं समझती हूं कि इस के साथ ही साथ यह व्यवस्था भी कर दी जाय कि अगर विवाह के पश्चात पति की आर्थिक स्थिति सुधर जाय, तो उसी अनुपात से पत्नी के भाग को भी बढ़ाया जाता रहे ।

अगर पुत्री का विवाह न हो या वह विवाह न करना चाहे, तो विवाह के समय दिया जाने वाला धन पिता उस के नाम कर दे और अगर उसके नाम करने से पहले ही पिता मर जाय, तो भाई से वह सम्पत्ति बहिन को दिलाई जाय अगर बहिन वयस्क न हो, तो उस सम्पत्ति को उस के लिये सुरक्षित रखा जाय और बालिग होने पर उस को दे दिये जाय, चाहे वह विवाह करे या न करे ।

यह विधेयक केवल हिन्दुओं पर लागू किया जाना अहितकर है और प्रजातंत्र के विरुद्ध है । इस प्रकार की व्यवस्था की जाने पर पिता, पति और मृत माता का भाग पाने से देश की सब स्त्रियों का जीवन सुखी व सुरक्षित हो जायेगा अत: उस को भाई का भाग दिलाना अनुचित होगा । माता की मृत्यु के बाद भी उस को उसकी सम्पत्ति का भाग मिलेगा। अगर वह अपने भाई से भाग मांगती है, तो वह अन्याय है और मेरे विचार में उस का मन कभी भी ऐसा करने की उसे अनुमति न देगा । उस को विवाह समय में पिता, पति द्वारा जो भाग मिल जायेंगे जो उसके लिये पर्याप्त होंगे अगर ऐसी व्यवस्था की जायगी, तो स्त्री हर प्रकार के कष्ट से बच जायगी और उस को किसी की सहायता तथा न्यायालय की शरण लेने की आवश्यकता नहीं होगी । नहीं तो पिता के मरने तक उसे सम्पत्ति पाने को ठहरना होगा और आवश्यकता पड़ने पर उसे धन न मिल सकेगा ।

अगर पुरुष वास्तव में महिलाओं की सहायता करना चाहते हैं तो मेरे विचार में सब से पहले उन को वेश्यालय बन्द करने चाहिये थे—ब्राथेल्ज (वेश्या गृह) बन्द करने चाहिये थे । आज वेश्यालय किस के कारण खुले हैं ? वे हमारे पुरुष भाइयों के कारण ही खुले हुए हैं । उन को बन्द कर के आप सचमुच स्त्रियों की रक्षा करेंगे । दूसरे कई देशों मे ऐसा किया जा चुका है । चीन में ऐसा कर दिया गया है । यहां भी इस ओर कदम उठाना आवश्यक है । जो स्त्रीयां वेश्यालयों में फंसी हुई हैं, उन को निकालने के साथ उनकी सुविधाओं का प्रबन्ध किया जाना चाहिये । इस लिये पहले कानून बनाना चाहिये । उन छोटी छोटी बच्चियों को बचाना चाहिये जो कि पांच छः वर्ष की उम्र से ही वेश्यालयों के वातावरण में रखी जाती हैं । ऐसा करने से आप सचमुच स्त्रियों का कल्याण करेंगे ।

पंडित डी० एन० तिवारी : उपाध्यक्ष महोदय हम लोगों की तरफ एक कहावत है कि :

"चले थे हरि-भजन को, ओटन लगे कपास।"

हम यहां पर आये थे समाज सुधार करने और हिन्दुस्तान की आर्थिक हालत सुधारने लेकिन इससे पहले कि हम आर्थिक हालत को सुधार सकें या इस देश की नव्वे प्रति शत गरीब जनता को कुछ सुख-सुविधा दे सकें, हम उस के चना का बटवारा करने में लग गये हैं । जो लोग देहात में गये हैं, जिनकी कांस्टियुएंसी (निर्वाचन क्षेत्र) देहात में है, उन को ज्ञात होगा कि देहात में साधारणतया लोगों के पास दो तीन एकड़ जमीन होती है और उस जमीन को वे लड़की की शादी में बन्धक रख देते हैं और हर लिहाज से उस की शादी ठीक प्रकार से करने की कोशिश करते हैं । ऐसी जगहों में और ऐसे लोगों के सामने ये कानून बनाना कि वे दो तीन एकड़ जमीन में से एक चौथाई हिस्सा या आधा हिस्सा

लड़की को दे कर अपनी जवाबदेही से बरी हो जायें कहां तक उचित है, यह सोचने की बात है। मैं नहीं समझता कि इस तरह हम कहां तक उन के साथ न्याय कर रहे हैं या औरतों के हक में अच्छे कानून बना रहे हैं। जो लोग इस कानून के प्रवर्तक हैं, उन के दिमाग में यह बात थी कि स्त्रियों की हालत सुधरे और उन को धन में हिस्सा मिले। इस सदन में कोई भी ऐसा आदमी नहीं है, जो उन को यह हक नहीं देना चाहता है। फर्क हम लोगों में यह है—हमारे विचारों में विभिन्नता इस बात में है—कि वह हक कहां मिलें और कैसे मिले। प्रश्न यह नहीं है कि हम औरतों को सदा गुलाम बनाये रखें या उनको कोई हक न दें। सोचना यह है कि किस हालत में और कहां उनको हक देने से उनकी भलाई होगी और समाज का कल्याण होगा और हिन्दुस्तान में जो होल्डिंगस का फ्रेगमेंटेशन (जोतों का बंटवारा) हो रहा है उससे बचा जा सकता है किन्हीं लोगों का विचार है कि पिता के धन में लड़कियों को हिस्सा दिया जाये तो कुछ लोगों का मत है कि पति के धन में स्त्री को हिस्सा दिया जाये। दोनों में कौन सी बात अच्छी है यही विचारणीय बात है। आज कल कुछ लोग कह देते हैं कि यह लोग दकियानूसी हैं और औरतों का अधिकार नहीं देना चाहते। आज कल यह कहना कुछ फैशन सा हो गया है। आज कल ऐसे बहुत से तथाकथित सुधारवादी हैं जो कि अपने को बहुत ऊंचा समझते हैं और जो लोग देश की वस्तुस्थिति को देखकर चलना चाहते हैं उनको वे दकियानूसी कहते हैं और अपने को बड़ा सुधारवादी समझते हैं। उनसे मैं कहना चाहता हूं कि वे अपनी कांस्टिट्यूएंसी (निर्वाचन-क्षेत्र में जायें और अपने कांस्टिट्युएंटस (निर्वाचकों) के सामने यह बात रखें कि उनकी जो एक दो एकड़ जमीन है उसमें से उनकी लड़की को भी लड़के के बराबर हिस्सा दिया जाये और जो जवाब मिले उसको देखें और फिर उनके सामने यह चीज रखें कि उनकी जमीन में से उनकी स्त्री को भी हिस्सा दिया जाये और जो इसका जवाब मिले उसे भी देखें और दोनों का मुकाबला करें। मैं समझता हूं कि ८० या ८५ प्रतिशत आदमी इसके पक्ष में होंगे कि उनकी स्त्री को उनकी जमीन में से हिस्सा दिया जाये और ८० या ८५ प्रतिशत इसके खिलाफ होंगे कि लड़की को पिता कि जमीन में स हिस्सा दिया जाये। हिन्दु समाज में यह बात विशेष रूप में अच्छी समझी जाती है कि लड़की को पिता की जमीन का हिस्सा न मिले बल्की पति की जमीन का हि सा मिले। और इसका कारण है। इसका कार यह है कि हिन्दू अपनी लड़की का नजदीकी रिश्ते में विवाह नहीं करते। मुसलमान समाज में और ईसाई समाज में लड़की का विवाह नजदीकी रिश्ते में किया जाता है इसलिये वहां स्थिति दूसरी है। मान लीजिये कि किसी हिन्दू लड़की की शादी बीस पच्चीस मील या सैकड़ों मील दूर होती है और उसके पिता के पास चार एकड़ जमीन है उसके चार लड़के और दो लड़कियां हैं। अगर उसकी जमीन का लड़कों और लड़कियों में हिस्सा होगा तो लड़कियों को क्या मिलेगा? एक लड़की को आधा एकड़ जमीन मिलेगी जिसकी कीमत दो सो या ढाई सौ रुपये होगी। हर एक आदमी अपनी लडकी की शादी अपने से ऊंचे घर में करने की कोशिश करते है और ऐसा करने के लिये कांफी रुपये खर्च करता है और जितना लड़की का हिस्सा होता है उससे कहीं ज्यादा खर्च करता है। लेकिन अगर यह कानून पास हो गया तो कोई लड़की के हिस्से से ज्यादा खर्च करके उसके लिये ऊंचा घर नहीं देखेगा। केवल उसको उसका हिस्सा भर देगा हमारी बहिनें समझती है कि जमीन में हिस्सा मिलने से उनकी स्थिति ज्यादा अच्छी हो जायेगी और न जाने उनको क्या अलभ्य वस्तु मिल जायेगी लेकिन यह उनका भ्रम है। हमारी बहिनें बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और दिल्ली जैसे बड़े शहरों की स्थिति को ही केवल देखती है। उनको देहातों की स्थिति का कोई ध्यान नहीं है। यदि उनको देहातों के जीवन का ध्यान होता तो वे ऐसी मांग पेश न करती।

इस बिल मे ज्वाइंट सिलेक्ट कमेटी (संयुक्त प्रवर समिति) ने जो प्रावीजन (उपबन्ध) रखे थे उनके विपरीत राज्य सभा ने इसको और भी खराब कर दिया है। अभी हमारे भाई श्री सी० डी० पांडे ने कहा था कि यह बिल समाज सुधार का बिल था और इस लिये इसको पहले इस हाउस (सभा) में आना चाहिये था इस लिये कि राज्य-सभा नहीं बल्कि लोक सभा जनता की प्रतिनिधि है और लोक सभा की जवाबदेही जनता के प्रति है, राज्य सभा क सदस्यों की जवाब देही जनता के सामने नहीं है। हमको जनता के सामने जाना पड़ता है और उसकी बातें सुननी पड़ती हैं। हमको देखना चाहिये कि जनता क्या चाहती है और वही हमको करना चाहिए। लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि यह बिल पहले वहां गया। अब हम लोगों को जो जनता के प्रतिनिधि हैं यह देखना चाहिये। कि यह कानून ऐसा बने जिससे जनता की रक्षा हो सके। बिल में यह प्रावीजन है कि हसबेंड (पति) के मरने के बाद विडो (विधवा) को एबसील्यूट राइट

[पंडित डी० एन० तिवारी]

(पूर्ण-अधिकार) हो जाये । अगर विडो इश्यूलैस (निस्सन्तान) हो और पुनर्विवाह कर ले तो वह सारी प्रापर्टी (सम्पत्ति) दूसरे आदमी के घर चली जावेगी । अगर वहां भी वह इश्यूलैस रहे और फिर भी विडो हो जाये और तीसरी जगह विवाह करे तो वह दोनों घरों की प्रापर्टी तीसरे घर चली जावेगी और वहां उसके बच्चा हुआ तो वह सारी प्रापर्टी उस बच्चे को मिल जावेगी । यह अजीब सी बात है । हमको यह प्रावीजन करना चाहिये कि यदि कोई विडो हो जाये और उसके बच्चा न हो और वह दूसरा विवाह करे तो उसकी प्रापर्टी ओरिजिनल होम (मूलगह) को रिवर्ट (वापस) करे न कि उसके साथ चली जाये ।

Shri Sivamurthi Swami (Kushtagi): May I point out to the hon. Member that there is clause 26 in which there is a provision for certain widows re-marrying not inheriting as widows. It reads:

> "Any heir who is related to an intestate as the widow of a pre-deceased son, the widow of a pre-deceased son of a pre-deceased son or the widow of a brother shall not be entitled to succeed to the property of the intestate as such widow, if on the date the succession opens, she has re-married."

There is this provision.

पंडित डी० एन० तिवारी : शायद आनरेबिल मेम्बर को कुछ भ्रम हुआ है । मैं तो दूसरी बात कह रहा हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अपना भाषण जारी रखे । वह आलाहिदा बात है ।

पंडित डी० एन० तिवारी : हम चाहते हैं कि क्लाज ६ का एक्सप्लेनेशन (स्पष्टीकरण) हटा दिया जाये । उससे कोई फायदा नहीं है और केवल झगड़े बढ़ जायेंगे ।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं जो कि मैं भूल ही गया था । सरकार यह नहीं चाहती कि मिताक्षरा कानून को सीधे सीधे हटा दिया जाये । अगर सरकार चाहती है तो वह सदन में सीधे यह कानून ले आवे कि हमको मिताक्षरा कानून हटाना है । लेकिन ऐसा न करके राउंड एबाउट (गोल मोल) तरीके से उसको हटाने का प्रयत्न किया जाता है । यह ठीक नहीं है । यह हम लोगों की कायरता का द्योतक है कि उसे सीधे नहीं हटाते बल्कि लोगों को भुलावा दे कर उसे हटाने की कोशिश करते हैं । मैं मानता हूं कि एस्टेट ड्यूटी (सम्पदा शुल्क) की वजह से इनकम टैक्स ला (आयकर विधि) की वजह से ज्वाइंट हिन्दु फैमिली (संयुक्त हिन्दु परीवार) डिसइंटीग्रेट (छिन्न भिन्न) होता जा रहा है और हमारे सदन के बहुत से सदस्य हैं जो कि यह चाहते हैं कि यह जल्दी से जल्दी खत्म हो । उनको यह नहीं मालूम है कि अभी भी जब हमारी सरकार हर एक बालिग को या काम करने वाल को काम नहीं दे सकती है या उनकी रोजी का प्रबन्ध नहीं कर सकती है तो उनका आश्रय वही ज्वाइंट फैमिली सिस्टम होता है । मैं पूछता हूं कि अगर ज्वाइट फैमिली सिस्टम न रहे तो ऐसे लोगों को जिनका कि वहीं ठिकाना नहीं है उनको कहां आश्रय मिलेगा ? आज भी इस तरह के बेकार लोग अपने चाचा और मामा के वहां जा कर रहते हैं और वहां पर उनको आश्रय मिलता है । अगर यहां पर ज्वाइंट फैमिली सिस्टम न होता तो आपके देश में रेवूलूशन (क्रान्ति) होता और वह रेवूलूशन ऐसा होता कि लोगों को चैन से सोने नहीं देता । ज्वाइट फैमिली सिस्टम कुछ पढे लिखे लोगों में और जो शहर में बसते हैं वहां तो हटाना चाहते हैं लेकिन देहातों में यह ज्वाइंट फैमिली सिस्टम बहुत उपयोगी सिद्ध होता हैं और वहां पर इसको हटाया जाना लोग पसंद नहीं करेंगे । हमारे देखने में आता है कि मामा अपने बेकार भांजों को आश्रय देता है...

Dr. Suresh Chandra (Aurangabad): Mama is not in the joint family.

पंडित डी० एन० तिवारी : हमारे देहातों में जो परिपाटी चली आती है उसके अनुसार वह उसमें आता है, भले ही आपकी कानून की डेफ्नीशन (परिभाषा) में न हो लेकिन यह हकीकत है कि एक मामा अपने भानजे को आश्रय देना अपना कर्तव्य समझता है । इस लिये देहातों में जब तक कि बिल्कुल बेकारी दूर नहीं हो जाती और हर एकको काम मिलने की सुविधा नहीं सुलभ होती तब तक यह संयुक्त परिवार की प्रथा वहां के लिये बहुत ही लाभप्रद है और इसको नहीं हटाया जाना चाहिये । आप सीधे सीधे मिताक्षरा को हटा दीजिये वह तो ठीक है लेकिन यह राऊंड ऐबाउट वे से उसके अंगों को काट काट कर अपंग बनाना ठीक नहीं है ।

एक बात और कह कर मैं बैठ जाता हूं और वह यह है कि जिस वक्त यह बिल सदन के सामने आया था उस वक्त इसमें मिताक्षरा का कोई जिक्र नहीं था और मिताक्षरा सिस्टम इससे एग्जेम्प्ट (मुक्त) था लेकिन ज्वाइट सिलेक्ट कमेटी नें यह उचित समझा और उस सिस्टम को भी

इसके परव्यू (क्षेत्राधिकार) में ले आये । जिसके कारण देश में तहलका मचा हुआ है और मैं समझता हूं कि मिताक्षरा कानून को इससे बाहर रखना चाहिये और उस पर यह कानून लागू नहीं होना चाहिये ।

तीसरी बात जो मार्क की है वह यह है कि हम दुनिया को कहते फिरते हैं कि हमारा स्टेट सैकुलर (राज्य धर्म निरपेक्ष) है और हम किसी धर्म विशेष के लिये कानून नहीं बनायेंगे और न किसी धर्म विशेष के लिए अड़चन डालेंगे लेकिन यहां उलटी बात हो रही है और मालूम यह होता है कि इस सम्बन्ध में हम जो बड़ी बड़ी बातें कहते हैं, वह केवल गले के ऊपर से कहते हैं, गले के नीचे से नहीं कहते । मैं पूछता हूं कि यदि हम सैकुलर स्टेट क लोग हैं तो केवल हिन्दुओं के लिये ही यह कानून क्यों बनाया जा रहा है और यह दूसरी जातियों के वास्ते क्यों नहीं बनाया जा रहा है ? जब स्पेशल मैरिज बिल (विशेष विवाह विधेयक) यहां से पास हुआ था तो वह सब पर लागू था, वैसे ही इस कानून को भी सब जातियों के वास्ते बनाना चाहिये था । मैं पाटस्कर साहब से अनुरोध करूंगा कि वे इस बिल को वापिस ले लें और सारे देश के निवासियों के लिये एक युनिफार्म (समान) सिविल ला (दीवानी कानून) लायें ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि स्त्रियों को पिता के धन में नहीं बल्कि उसको पति के धन में पूरा हक मिलना चाहिये और उसके लिये कानून बनाना चाहिये ।

Shri Venkataraman (Tanjore): Mr. Deputy-Speaker, I rise to support the Bill and to offer one or two words of improvement in the several clauses that have been placed before the House.

In the first place, the Joint Committee has made very useful improvements in the Bill as it was originally introduced. It has been the great cry of the reformers of the Hindu system that at least the Hindus in this country should have a uniform system of law. The opinion was strongly expressed before the Rau Committee from various parts of the country. I do not propose to waste the time of the House by referring to every one of them, but I would humbly request hon. Members to be good enough to refer to the views expressed by progressive people from all parts of India who gave evidence before the country with regard to bringing about at least a uniform code governing the Hindus.

In the original Bill, members belonging to the Aliyasantana, Marumakkattayam and other Acts were excluded. That was because the system of inheritance which was given to women under the Bill that was introduced fell short of the rights which they already possessed. I am very glad that those classes of people governed by the Marumakkattayam, Aliyasantana and other matriarchal system have been enabled to be brought under this Bill so that we may have a uniform law for them also.

The second major change which has been made by the Joint Committee is to make the law applicable to mitakshara families in a very limited way. I am not satisfied that the Bill has gone far enough. At the time when the Bill was referred to the Joint Committee, considerable volume of opinion was expressed in this House that if the Bill did not embrace the mitakshara joint families, then it would be leaving out of account nearly 70 per cent. of the population, and the object with which the codification was made would be defeated by the exclusion of the large proportion of the people governed by the mitakshara system of law. Some endeavour has been made by the Joint Committee so far as that portion is concerned. Though I will go into the details shortly, I welcome the endeavour on the part of the Joint Committee to bring the mitakshara families in some form.

This Bill has had a very long and chequered history. It has gone through various vicissitudes. Actually, the Bill has been before the country for nearly 20 years in one form or another. The criticism that the Bill only seeks to cover a section of the community is not well-founded for this reason that among the major communities in India, the Christians have a law of inheritance, which provides inheritance to women, the Muslims have a law which provides for inheritance rights to women, but it is only the Hindu law which does not provide for any inheritance to women. Therefore, it is necessary to bring the Hindu law at least on a par with that of the other communities before we can attempt at a uniformity.

My friend, Shri C. D. Pande, was very eloquent when he said, "If you

[Shri Venkataraman]

had brought forward a Bill applicable as a civil law to all the people in India, I would be the first to support it". But before we bring about a sort of uniformity, it is necessary for certain communities to come up to the level of the rights which the other communities are already enjoying, and if that is not done, it would not be possible to bring about uniformity except by reducing the rights which the other people may have. I do not therefore think that there is real substance in the criticism that a uniform civil law should be brought forward before we try to reform the Hindu Law.

Secondly, it is urged that we must exclude agricultural lands. Most property in India is agricultural land. It is another way of refusing inheritance to women. If we say so, that would be more honest and straightforward. If we exclude this, there will be little to inherit.

Shri Bogawat (Ahmednagar South): The wife will inherit the husband.

Shri Venkataraman: I will come to that portion. This Bill provides for the abrogation of the Act of 1937 and so, there will be little left to inherit. Instead of that you may say that you allow them to inherit water, air and some natural resources!

Shri Bogawat: No, no. It will be equally with the son.

Shri Venkataraman: My friend may have a differnt Bill. I am talking of the Bill which is before the House.

It has been said that the Hindu coparcenary is being disrupted. We must make up our mind in the first instance whether we are going to codify the existing law or modify and reform the existing law and practices. If it is our intention merely to codify the existing law, I agree that it goes beyond that. But, on the other hand, it has been stated that the object of this Bill is to introduce progressively reforms in the system of inheritance as well as in other systems of Hindu Law—marriage, etc. and so, that point loses its value, its sting and its criticism and it has to go beyond the existing rights.

Even as it is, what is the position of the joint family? It has lost much of its prestine purity. Take for instance the right, unilateral right of a member of coparcenary to seek partition, the pious obligation of the sons to pay the father's debts. Then you have the Hindu Women's Right to Property Act under which a woman is entitled to a share of her husband's property in the joint family and so on and so forth. So far as the stranger is concerned, if he is a creditor, he can file a suit against the coparcenary share and then enforce the decree. That criticism has no sting or value when you consider the long line of legislation that has taken place. We want to reform the joint family system. We want to see that the system of individual ownership comes into being progressively in place of the system of inheritance of property by survivorship which is outmoded, old and archaic. In all modern countries and modern societies, ownership of property is an individual right which goes with him and the less the fetters on the disposition of property, the greater is the advancement of society. Economic freedom of a man, in order to be able to deal with his property without any restriction, has been the way in which progress has been made in other countries. Take the English law of real property.

Shri Kasliwal: Then, why not abolish Mitakshara?

Shri Venkataraman: I am leading up to that. You have anticipated me. I say that in view of the fact that the progress of society is towards individual freedom of ownership and disposition of property, let us move towards that. That is why I desire that clause 6 of this Bill should be substituted by a clause which will abolish the right of survivorship or inheritance by birth, in this Bill itself.

When the original Hindu Code was introduced by Dr. Ambedkar, he provided for the following clause:

> "No Hindu shall, after the commencement of this Code, acquire any right to or interest in any property of the ancestor during his lifetime merely by reason of the fact that he is born in a family of the ancestor or in a joint family property which is founded on the rule of survivorship."

I have myself given an amendment to that effect and I am going to press it

when the matter is taken up clause by clause. Clause 6, as it is, is very complicated. It will lead to multifarious litigations and land us in confusion. Either we have the courage to say that property is now held free and absolutely by the members on a particular day or we will continue to hold to the old opinion that the law of survivorship, Mitakshara system, should prevail. There is no half-way house in this matter. The doctrine of giving a right to women in the property and the doctrine or survivorship cannot exist together; they are contradictory. If you want to give the right of inheritance to women, daughters, daughters' son and sons' daughters and so on, the idea of having the rule of survivorship is cut as under. It cannot exist along with the other conception of ideas. We take up courage and make up our minds whether we would like to have a system in which property would be held absolutely free or whether we are going to have restrictions imposed by Mitakshara.

I will give an illustration. In clause 6 as it is there is a provision. If there is no female in the family, the joint family will continue. The moment a female is born, the proviso will come into operation in which case the share of that particular individual through whom the girl would inherit would be ascertained and then the share would be determined according to this Bill. As complained, there may be a large number of partitions in which case the sons or persons who are entitled to prior partition will walk away with a larger share and the children that are born after partition, be they male or female, will get a smaller share. The proviso will make it worse.

Mr. Deputy-Speaker: The time is up.

Shri Venkataraman: How much time is left, Sir?

Mr. Deputy-Speaker: Normally two minutes.

Shri Venkataraman: Then, I shall speak on the clauses.

I am saying that it would be very hard upon the child subsequently born because, according to the explanation, the share which has gone to the males who has already divided from the estate will be taken into account for ascertaining the daughter's share and the sons born after the partition would be almost left in the lurch. They would get nothing. This cannot be the object of any legislation. I do not think the effect of such an explanation has been fully appreciated by the Ministry.

Shri C. C. Shah: What a compliment! (*Interruptions*).

Shri Venkataraman: I want to know whether this aspect has been considered and whether this was what was intended.

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member's time is up.

Shri Venkataraman: It is better to end at the end of an idea than at the middle of one.

3 P.M.

Shri Vallatharas (Pudukkotai): Mr. Deputy-Speaker, I am in full agreement with the provisions in this Bill. Radical views had been expressed even 20 years before, that Dayabhaga law must be substituted for Mitakshara Law. I am a material-minded man. I am incapable of giving any spiritual tone or speak in an emotional or appealing manner what I want to express.

Shri A. M. Thomas (Ernakulam): You are capable of speaking with emotion.

Shri Vallatharas: I am capable of many more things. Now I want to approach this in a practical sense.

So far as the general mass is concerned it is a historical fact that the Aryan civilisation and the sastragic implications were introduced and they had become implemented in the life of the masses. In the recent past, during the last 200 years of British rule, the British rule had tended to do many injuries to the masses. The English Judges assisted by pandits had converted the courts of law into a forum to preserve the ancient customs and interpret everything in the light of Manu and Yagnavalkya. In that manner they had effectively prevented the growth of new customs and the progressive manner in which the society must have adopted itself to changing conditions of the times.

From 1931 onwards, the defects of the system of holding the property

[Shri Vallatharas]

amongst the Hindus was largely dwelt upon by very eminent jurists. A perusal of the Rau Committee's Report will clearly give an indication of the views which are very rational and very moderate. People like Shri S. Srinivasa Ayyangar, Shri V. V. Srinivasa Ayyangar, Shri Srinivasa Sastri, Shri Venkatarama Sastri, Dr. S. Radhakrishnan and many others a host of people—had thought in that way. They had their own sentiments for Mitakshara system. They were Brahmins and most of them were eminent lawyers. In spite of the fact that they cherished a love for this system, they went to the extreme extent of saying, it is better to end Mitakshara system and introduce Dayabhaga system. Shri Venkatarama's approach is in that direction.

I consider the greater aspects in the practical life. It is easy to introduce a system. There is no difficulty in that. But what are the implications that arise out of that? In my experience I have seen that girls, before their marriage age, enjoy freedom, but when the time of marriage comes, the dowry system comes in. A father who is endowed with large property is not able to get a good husband and who will accept the offer of dowry that he makes. In some cases, a father having only a small property or having no money to offer as dowry is not able to get a suitable husband for his daughter. The girls have felt desperate and burnt themselves, committed suicide or ran away. There is another case in which the sons, who are very enthusiastic youths, who cannot find support for their aspirations at their father's hands, who would not give them any money. Then the sons want to get themselves separated from the family they have to make a lot of preparation to sue their fathers and then get the money they want. When we see these things, it is better that a part of the Mitakshara law is retained, in so far as a boy or a girl, whoever is born in a family, must see that the property of the father is secured to them in some manner or other.

Supposing the Dayabhaga law is introduced and the property of the father is absolute for himself, he may not agree to part with it in favour of his son or daughter. He will have full power over the disposition of the property. In this respect I should submit that the Bill, whether it is consciously conceived or not, is a compromise between the extreme views expressed by these eminent jurists and the view that the orthodox people have got.

The orthodox people have been a menace to the progress of society throughout. I have great respect for their unflinching disciplinary affection to the principles they hold. But, on the other hand, they consider women as chattles. They have not understood the sublime natural qualifications of the women and the part they have to play in the human affairs of this country and of the world. Whatever affections they express, after all it is transient, as when they are to give some property they won't give. I am seeing this in several Brahmin families. I also see this in some of the non-Brahmin families who have coformed themselves to some of these principles. In the south, many women and girls are suffering very greatly because of the evils of this system.

Therefore, I should like to insist in this case that clause 6, as it is will have to continue, and after some experience we will have to think of making the property absolute in respect of the owner. Conditions are changing. Fragmentary holdings are quite common in this country. The process by which capital is accumulated, whether money is going to have predominance over land and all those things are under consideration. Just like power blocs and military blocs of the west, here also religious power blocs have been created. Anti-Hindu Code Committee, Sanatanists, Hindu Mahasabha, Ram Rajya Parishad and all these bodies have been always on the alert to see that somehow or other an obstacle is put in the way. I should like to declare peremptorily here that if at all this Government is democratically minded and is inclined to socialistic achievements, hereafter we should see that this section does not have any voice in shaping the destinies of the people.

Shri V. G. Deshpande: Sir, I rise on a point of order. Is it open to an hon. Member to say that a particular party—say, Praja Socialist Party or Socialist Party—should be wiped out from the House? Can anybody say that taking the name of a party? In democracy every party has a right, if they can get the support of the electorate to get their candidates elected.

Mr. Deputy-Speaker: That is exactly

the difficulty, because the other hon. Member has also a right to express his opinion. So, there is no point of order.

Shri Vallatharas : I am sorry the hon. Member has taken it in a light, which is not the light in which I said it. We are all public men. If we are to come to this House and if we are to express our sentiments here, which through the kindness of the Press is published, everybody knows who we are and what we are. I cannot change myself from the way in which I have been brought up these 55 years. If there is any change, certainly it will be a fraud on my part.

अर्थात् किसी भी वस्तु के लिये यह कहना कठिन है कि वह अमृतमय है या विषमय है। हमारे यहां के जितने पुराने कानून चले आ रहे हैं, उन में यह कहना कि कोई दोष नहीं है, बहुत कठिन है लेकिन यह भी कहना ठीक नहीं है कि वह बिल्कुल दोषमय है। इसी लिये जैसा मैं ने कहा, मुझे बड़ी खुशी होती है कि जितने भी सदस्य बोल रहे हैं वह उसी बात को कह रहे हैं जो उन के हृदय में उठ रही है। लेकिन इस सरकार के सम्बन्ध में मुझे एक कथा याद आ जाती है। एक ऊंट पर सवार हो कर कोई आदमी

कहीं चला जा रहा था । उस सवार के हाथ में ऊंट की नकेल नहीं थी । किसी ने उस से पूछा कि तुम कहां जाते हो, तो उस ने जवाब दिया कि न जाने कहां जाता हूं । मेरे हाथ में नकेल तो है नहीं, ऊंट की मर्जी है चाहे जहां ले जाय । इसी तरह से यह सरकार हमारे राज्यको किस तरफ ले जा रही है इस का पता नहीं । जनता रूपी सवार के हाथ में नकेल तो है नहीं, यह सरकार रूपी ऊंट जनता को चाहे गढ़े में ले जाय चाहे जहन्नुम में ले जाय, या कहीं भी ले जाय ।

मैं एक बात कहता हूं कि मैं ने जुरिज्प्रूडेन्स (न्यायशास्त्र) में कहीं पर पढ़ा था कि कानून क्या है । What is law ? ला के माने थे : Law is nothing but the will of the people expressed in terms of law. कानून जनता की इच्छा मात्र है और कुछ नहीं । जो कुछ जनता चाहती है उसी को कानून का रूप दे दिया जाता है ।

जो कानून बनने जा रहे हैं, या इस प्रकार के जो दूसरे कानून रोज बरोज बन रहे है उन को कौन चाहता है ? श्री ठाकुर दास भार्गव ने कहा कि इस बारे में देहात में जाकर पूछा जाय और शायद उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में पूछा भी है । कोई भी इन कानूनों को नहीं चाहता है । जिस विधेयक पर आज बातें हो रहीं हैं, उस के विषय में कुछ इने-गिने लोगों को छोड़कर दस पांच सैंकड़ो लोगों को छोड़कर सारा भारतवर्ष कहेगा कि इस की जरूरत नहीं है । मैं तो यहां तक कह सकता हूं कि इस कानून को बनाने वाली संस्था को सरकार कहलाने का हक नहीं है । हां, वर्तमान सत्तारूढ़ लोगों के पास लाठी है, वोट है, इस लिये वह जिस प्रकार चाहे, शासन करें, जो कानून चाहें पास करते जायें और लोगों पर लादते जायें । यह डेमोक्रेसी (लोकतन्त्र) का सवाल नहीं है और न ही इस को डेमोक्रेसी कह सकते हैं । डेमोक्रेसी का अर्थ क्या होता है उसका अर्थ होता है रूल बाई दि मैजारीटी (बहुसंख्यकों का शासन)–डिसिजन बाई दि मैजारिटी (बहुसंख्यकों का निर्णय) । और वह मैजारिटी कैसी होनी चाहिये ? वह खरीदी हुई मैजारिटी नहीं होनी चाहियें–खरीदे हुए लोगों की मैजारिटी नहीं होनी चाहिये–जो स्वतंत्र हो, पवित्र हो, जिस को अपनी बात कहने का हक हो, ताकत हो, उस को वास्तविक अर्थों में मैजारिटी कह सकते हैं । यह नहीं कि कोई जमींदार अपनी रैयत को बुला ले या कोई लीडर अपने अनुयायियों को बुला ले और उन से वोट दिला दे । वह मैजारिटी नहीं कहलाती । वह तो डेमोक्रेसी का अपमान है। इस तरह की जो भावना सारे देश में चल रहीं है, वह बिल्कुल भ्रमात्मक है । जब किसी राजा का राज्य नहीं है, तो उस को डेमोक्रेसी कहेंगे–हिन्दी में उस को डेमोक्रेसी नहीं कहेंगे, हिन्दी में कहेंगे पंचायती राज । और पंच को हमारे देहात में पंच परमेश्वर कहा जाता है, जिस का तात्पर्य यह है कि वह इतना निष्पक्ष और न्यायी होता है, जितना कि ईश्वर । हमारी जो पंचायत बनी हुई है, उस में कहां तक निष्पक्षता के साथ या न्याय के साथ विचार होता है या वोट दिया जाता है ? मैं समझता हूं कि वह आप भी जानते हैं और संसार भी जानता है । इस को पंचायती राज नहीं कह सकते । जहां पर बहुत सुन्दरता से विचार किया जाय और स्वतंत्र रूप से अपनी राय दी जाय, वहां पर पंचायती राज होता है । यह कानून जबर्दस्ती बनाया जा रहा है, जिस को देश नहीं चाहता है । मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि हमारे सब भाई अपने अपने विचार बड़ी स्वतंत्रता से रख रहे हैं । मैं समझता हूं कि अगर ठीक प्रकार से वोटिंग होगी–अगर अन्त तक वोट देने की भी स्वतंत्रता रहे, तो यह विधेयक कभी पास नहीं होगा । यह न पास होना चाहिये और न यह पास होने का योग्य है । अगर हुकुम आ गया कि इस को पास करना होगा, नहीं तो लीडर नाराज हो जायेंगे, या इस्तीफा देने की धमकी दी गई, तो उस हालत में तो जो भी हो जाय, लेकिन जिस तरह से लोग बातें कर रहे हैं, अगर उन्हीं के अनुसार वोट भी देंगे, तो इस का पास होना असम्भव है । मैं एक बात सब को कह देना चाहता हूं कि जो लोग इस का विरोध कर रहे हैं–और जिन की संख्या बहुत काफी है–अगर वे अपनी राय व्याख्यान के खिलाफ वोट देंगे, तो जब हमारी भावी सन्तान पढ़ेगी कि हमारे पूर्वजों ने विधेयक के खिलाफ बोल तो खूब दिया, लेकिन वोट देने के वक्त उस को पास कर दिया, तो उन के दिमाग में उन लोगों के लिये क्या स्थान रहेगा, क्या सम्मान रहेगा, इस पर भली प्रकार विचार कर लेना चाहिये । यह एक आदमी की बात नहीं है, सारे देश की बात है ।

कल श्रीमती सुभद्रा जोशी ने कहा था–और बहस के लिये वह ठीक भी है–कि न जाने क्यों जो व्यवहार और दृष्टिकोण लड़कों के प्रति होता है, वह लड़कियों के प्रति नहीं होता है

[श्री बाबू नारायण सिंह]

यह भी ठीक है कि लड़कों का जो हक होता है लड़कियों का हक भी उतना ही होना चाहिये। समानता के बारे में जो बातें होती हैं, उन को समझने में मुझे जरा दिक्कत होती है और लोग भी उन के बारे में गड़बड़ाए रहते हैं। स्त्री और पुरुष के सम्बन्ध में समानता का प्रश्न तो तब आता, अगर दो स्वतंत्र व्यक्ति रहते या कोई विरोधी व्यक्ति रहते, लेकिन जैसी सृष्टि है, उस में स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं, एक दूसरे के विरोधी नहीं हैं। हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि स्त्री अर्धांगिनी है। संसार का काम तब तक चल नहीं सकता, जब तक कि दोनों में सहयोग न हो। इस अवस्था में समानता की बात कहां से आती है ? हमारे बहुत से अंग-प्रत्यंग हैं, जिन का अपना अपना स्थान और महत्व होता है। यह कितनी हास्यस्पद बात होगी यदि हाथ की तरफ से दावा हो कि वह पैर बराबर हो। वास्तविकता यह है कि पाश्चात्य शिक्षा नें हमारा दिमाग को भ्रष्ट कर दिया है और अब हमारा मत बन गया है कि जो कुछ पाश्चात्य देशों में होता है, वह सब कुछ यहां भी होना चाहिये।

हमारे शास्त्रों में यह विधान है कि जिस वक्त स्त्री और पुरुष बैठ कर सदा के लिये अपना सम्बन्ध जोड़ते हैं—अर्थात् जिस समय उन का विवाह होता है—जहां तक मुझे ख्याल है, एक दूसरे से प्रतिज्ञा करते हुए पुरुष की तरफ से यह संकल्प होता है कि मेरी जो कुछ कमाई हो, वह स्त्री के लिये है—मेरा सर्वस्व स्त्री के लिये है। अगर किसी कानून के अनुसार पुरुष की जितनी कमाई हो, उस में स्त्री का आधा हिस्सा रहे, तो मैं उस का समर्थन करता हूं। मैं तो यहां तक कहने के लिये तैयार हूं कि पुरुष का कोई हक नहीं कि वह एक पैसा भी बिना स्त्री की मर्जी के खिलाफ खर्च कर सके। यह बिल्कुल अच्छी और सही बात है। लेकिन लड़की को भाई के बराबर कह देना, या पिता के धन में हक देना सारे देश को झगड़े में डाल देना और हर तरह की अशांति पैदा करना है। कानून बनते हैं दुनिया में हो रहे अनर्थ को रोकने के लिये, लेकिन इस तरह का कानून बनने से देश में अनर्थ फैलेगा, घटेगा नही, यह तो बिल्कुल मानी हुई बात होनी चाहिये। मैं लड़की का भी पिता हूं और लड़के का भी। लड़की के लिये जो कुछ भी किया जाय, उस को आदमी कम समझता है और उस के लिये हर समय बहुत कुछ करने के लिये तैयार रहता है, लेकिन लड़की का वहां पर हक हो, यह बिल्कुल अनर्थ का मूल हो रहा है। मैं पाटस्कर साहब से कह देता हूं कि देश का तकाजा है, हमारे धर्म का तकाजा है, हक का तकाजा है कि वह इस बिल को वापिस लें। जो व्यवस्था और जो कानून जब से दुनिया और चान्द सूरज बने हैं, तब से चले आ रहे हैं, उन से क्या हर्ज हो रहा है कि आप एक नई बात ला कर दुनिया में हलचल पैदा कर देना चाहते हैं ? बहुत से लोग पागल होते हैं, जो दुनिया करती है, उस के खिलाफ काम कर के वह दुनिया में सनसनी पैदा करते हैं। तो यह जो बिल अपने पेश किया है इसके बारे में सब की और अपने दल वालों की राय भी आपने सुन ली है। इस वक्त ईमानदारी और धर्म का यह तकाजा है कि आप इस बिल को सीधे सीधे वापस ले लें। हां स्त्रियों और लड़कियों के सुख के लिये आप कोई ऐसा उपाय सोचें कि जिसमें सब लोग सहमत हों तो उसको आप सदन के सामने ला सकते हैं। पर इस तरह का अनर्थ फैलाना तो किसी तरह योग्य नहीं है और न सरकार को ऐसा करने का हक है।

Shrimati Maydeo (Poona South) : The legislation for which we have been waiting so long has come at last and so I would welcome it wholeheartedly because it will give the rightful place to women in the society of which she will be proud. In this Bill, the woman gets a right in the property equal to that of her brother and son. She has also got the absolute right over the property which she inherits. Nearly eight crores of women in this country will benefit by this Bill and if women under 21 years of age are included, then it will be nearly sixteen crores. When these sixteen crores of women are made happy and satisfied, they will create a very nice atmosphere in the family and I am sure that the happiness and love in the family will increase. I would, therefore, ask all my brothers and sisters to welcome this legislation.

Some hon. Members have objected that we are changing what was given or what was said by the *smritikars*. Laws are changing all the time; they have not been stationary. If they said something at the time of *Vedas* or *smritis* the time was different. At the time of *Vedas* women in India had equal rights with men. They had composed some of the passages there and they used to recite poems to satisfy heavenly Gods. They had all rights equal with the men. Their conditions deteriorated at the time of

Smriti as thhere were invasions from outside and other evil customs came in.

By this Bill we are not doing something which was never in vogue in this country. We are only going to bring about conditions that were already there at the time of *Vedas*.

Some hon. Members of this House feel that, if they inherited equally with their brothers, there will be quarrels among brothers and sisters. I do not understand why love should be based on money alone. I know a family of three sisters and one brother. He knows that after this Bill he would get only one-fourth of what he would have got before this Bill. Still, he was so pleased, that when his sister had a child, he went to see the child and gave Rs. 200 to her. He knew that his three sisters will take away three fourths of the property. It shows that love does not depend upon money. It depends upon how the children are brought up in the family.

Some hon. Members say that by giving some share or money to women, there will be disruption in the family and society. I do not understand how they manage their affairs in the family. It all depends upon the father and mother and all the members of the family and how they are brought up. Even if the daughter takes away the share, the father or the mother need not be anxious that the son-in-law will claim something and that there will be quarrels in the family.

Some hon. Members felt that the wife's property would not be inherited by the husband and that only husband's property was inherited by the wife. Clause 17 clearly lays down that the property of a woman dying without a will, will be divided by her son, daughter and husband. Only when she dies without an issue, the property which she might have got from the father's side will go to the father's side. It is all given here and it should be so.

Some hon. Members feel that by giving a share to the daughter, the Mitakshara family will be disrupted. But, from the clauses, I find that the Law Minister has tried to satisfy the largest section of the society. Shri C. C. Shah felt that clause 6 should be amended. When the Bill was introduced in the previous Parliament, it failed because of the Mitakshara system being done away with. Now, the Law Minister has drafted it in such a way that the daughter will get some share while the Mitakshara system is also not disrupted. The father has a right to will away the property to his daughter and sons also have a right to separate. That is all given in the Mitakshara system.

Some Members are afraid that by one hand he is giving something to the daughter but, by the other, he is taking it away because the father will have to will away his property to his sons and daughters and that the sons will get twice their share—once when he separates and once again when the father wills away his property.

But that does not matter. Daughters will be satisfied even with that because they will get something. Uptill now what was the case? Some Members said: "Are we not giving so much to our daughters? Are the husbands not giving so much money to their wives? They are satisfied and they are happy in their houses". But, women do not want anything by way of favour. They want it by right. If once this principle is accepted, then they will be most happy and their position in the society will be raised. The ill-customs like dowry, child-marriage etc. will automatically disappear.

If the women are given a share in the property, they will get more education. The outlook of the society on women will change. They will get responsible positions in the society, which they are denied at present. The status of the women in the society will change the moment they begin to get a share of the property.

Some Members have mentioned another point. They have taken the case of agricultural land. If a daughter gets a share in the agricultural land, they say there will again be disruption. Those illiterate people in the villages will not understand how to will away their property with the result that there will be litigation. But I ask, if we take away everything, then what will remain for the daughters. Our Law Minister has said that if there is a house left and if the brothers do not want to divide it, then the daughter will not get a share and she will only have a right to go and stay there. If in the case of the agricultural land also you want to say the same thing, then what will the daughter

[Shrimati Maydeo]

get? We must be generous and at least allow a share of the agricultural land to the daughter.

In clause 24 the Law Minister has made a provision that it should not come in the way of any legislation to be made hereafter regarding agricultural land. Supposing a daughter gets a share of the agricultural land, can she take away that land to the place where she might be herself staying? Will it be possible for her to go and stay in the village? How can she cultivate and enjoy the land which has come to her as her share? Because she is staying far away, she will naturally tell her brother to cultivate the land and if her brother gives her the produce from that land she will be satisfied. If her brother does not give anything, can she come from such a far distance and claim the produce? Therefore, the fear expressed by some Members, I think, is not correct.

Therefore, I feel that the Bill, as it is drafted, goes to satisfy almost all the sections of the society. It should therefore get the support of all the Members and it should be passed without any delay as suggested by Shri C. C. Shah.

श्री बी० पी० सिंह (मुंगेर सदर व जमुई) : मैं समझता हूं कि यह बिल लाना ही अनाधिकार है क्योंकि संविधान के अनुसार हमारा एक धर्म निरपेक्ष राज्य है और इसलिये हमें केवल हिन्दुओं के नाम पर कोई बिल नहीं लाना चाहिये था और सब जातियों के वास्ते एक सा युनिफार्म सिविल लॉ (एकरूप व्यवहार विधि) लाना चाहिये था । उसी हालत में विधान की प्रतिष्ठा स्थापित हो सकती है । पहली शिकायत तो इस बिल के सम्बन्ध में यह है कि यह युनिफार्म नहीं है और केवल हिन्दुओं पर इसका प्रभाव पड़ने वाला है ।

दूसरी बात यह है कि यह बिल जो लाया जा रहा है इसमें देश में एक भ्रम फैलाया जा रहा है और इस बिल को देखने से ऐसा मालूम पड़ता है कि इस कानून के बनाने वालों को देश के निवासियों की सच्ची परिस्थिति का ज्ञान नहीं है । मैं समझता हूं कि इस बिल का एक ही मंशा हो सकता है कि स्त्रीयों को समानाधिकार मिले और सम्पत्ति में अधिकार मिले । मैं माननीय कानून मंत्री से जानना चाहता हूं कि क्या स्त्रियों को पति (हस्बैंड) की सम्पत्ति (प्रापर्टी) में पूरा अधिकार मिलने से इस बिल की मनशा पूरी नहीं होती है । । मैं तो समझता हूं कि कानून में अगर इस बात की व्यवस्था हो जाय कि लड़की जब तक अविवाहित रहे तब तक तो उसे पिता की सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त रहे और तत्पश्चात् उसको अपने पति की सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त हो तो इस कानून के बनाने वालों की मंशा पूरी हो जाती है और उस मंशा के पूरी होने में कोई कमी नहीं रह जाती है ।

साथ ही साथ जो हमारे देश के किसानों की अवस्था से परिचित होंगे वे जानते होंगे कि इस विधेयक के द्वारा किसानों में कितनी बेचैनी फैल रही है । आज यह कहा जा रहा है कि किसानों की सम्पत्ति सीमित कर दी जायगी अर्थात् एक किसान २५ एकड़ भूमि की सीलिंग फिक्स कर दी जायगी और मान लीजिये कि अगर एक किसान के चार लड़कियां और एक लड़का है तो वे लड़कियां बीस एकड भूमि की अधिकारी हो जाती हैं और अगर एक लड़का नाबालिग है और उसकी नाबालिगी में ही उसके माता पिता की मृत्यू हो जाती है तो आप समझ सकते हैं कि उस लड़के की क्या अवस्था होगी ? यह कहा जाता है कि आगामी पंचवर्षीय योजना काल में हम लोगों के स्टैंडर्ड आफ लिविंग (जीवन स्तर) को ऊंचा करने जा रहे हैं जब कि हम देख रहे हैं कि प्रथम पंचवर्षीय योजना में किसानों का स्टैंडर्ड आफ लिविंग कुछ भी ऊंचा नहीं हो सका है और आज हालत यह है कि जहां राष्ट्रीय आय प्रति व्यक्ति २८५ रुपया है वहां पूर्वी भाग के किसानों की आय प्रति व्यक्ति ११० रुपया है। और यदि १६ प्रति शत आय में वृद्धि हो गई है तो भी आज उन किसानों की क्या अवस्था है आज जब आप इस तरह के विधेयक ला रहे हैं तो इसका कैसा प्रतिकूल असर उन लोगों पर पड़ेगा और कितनी गलत फहमी इसको लेकर उन लोगों में आप फैलाने जा रहे हैं। आज हमारे किसानों के पास कुछ भी सम्पत्ति नहीं है और वह समझ नहीं पाते हैं कि आज हम किस अवस्था में हैं और कल किस अवस्था में रहेंगे । हमारे नेताओं को उनकी सच्ची परिस्थिति का ज्ञान नहीं है और न उन्होंने सच्ची सच्ची जानकारी प्राप्त करने की कोशिश ही की है । यदि उन्होंने इसके लिये कोशिश की होती तो फिर इस तरह का कानून लाने की आवश्यकता ही नहीं समझते । आज सबसे पहली आवश्यकता तो इस बात की है कि राजनैतिक स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात् आर्थिक अवस्था में सुधार लाने

का प्रयत्न होना चाहिये । सरकार इस बारे में जो कुछ कदम उठाती भी है वह महज कागजी कदम होते हैं और वे वास्तविकता से दूर होते हैं । आज आप एक किसान परिवार की सिलींग (अधिकतम भूमि) २५ एकड़ पर फिक्स (निश्चित) करने जा रहे हैं और उस थोड़ी सी जो सम्पत्ति या जमीन में लड़की को अधिकार दिलाने की बात कर रहे हैं, यह चीज साबित करती है कि आप को वास्तविक परिस्थिति का ज्ञान नहीं है कि इसका कैसा खराब नतीजा निकलने वाला है और इसके द्वारा गांवों के परिवारों में कैसे कलह और झगड़े के बीज आप बोने जा रहे हैं । जहां तक लड़की को उसका अधिकार दिलाने की बात का सम्बन्ध है, मुझे गांवों का अनुभव है और मैं जानता हूं कि धनी लोग भले ही अपनी लड़कियों को सम्पत्ति में हिस्सा न दें लेकिन एक गरीब किसान जिसके पास सिवाय एक लोटा और थाली के कुछ नहीं होता वह भी जब लड़की शादी के बाद अपने ससुराल जाने लगती है तो वह इस बात की पर्वाह नहीं करता कि आज जो मैं यह लोटा और थाली लड़की को दे रहा हूं तो कल को मैं किस में खाउंगा और पानी पिऊंगा और वह लड़की को चलते वक्त दे देता है । आप कानून के जरिये लड़की के प्रति माता पिता के दिल में वह प्रेम भाव पैदा नहीं कर सकते जो कि आज उनके दिलों म मौजुद है ।

मैं समझता हूं कि श्रीमती उमा नेहरू की इस राय से कि किसान की जो खेती की भूमि है उसमें बंटवारे का अधिकार न दिया जाय, हर एक आदमी सहमत होगा और मेरा अनुरोध है कि न्याय मंत्री उनकी इस राय को मान लेंगे और इस विधेयक के द्वारा हमारे देश की सामाजिक अवस्था में जो गड़बडी और अव्यवस्था फैलने वाली है, उसको फैलने स बचा लेंगे । आज हमारे समाज की संयुक्त परिवार प्रणाली एक विशेषता है और उस विशेषता को नष्ट करने के लिये कितनी ही चीजें हमारे सामने आ रही है । एस्टेट डयूटी बिल (सम्पदा शुल्क विधेयक) और इस तरह के दूसरे कानूनों से हमारे देश में संयुक्त परिवार प्रणाली को खत्म करने की कोशिश की जा रही है जो कि आज की अर्थिक अवस्था में करना उचित नहीं होगा और अगर ऐसा किया गया तो उस प्रणाली की जो विशेषता है और उससे जो हमको लाभ था उससे हम वंचित रह जायेंगे । मैं समझता हूं कि जो हमारा समाज है उस को आप बिगाड़ नहीं सकते ।

इस लिये मेरा निवेदन इस बिल के सम्बन्ध में मंत्री महोदय से यह है कि वे इस पर गम्भीरता से विचार करें और इस से देश में जो भ्रम फैलने वाला है, जो अशान्ति फैलने वाली है, उस को मिटाने की पूरी पूरी चेष्टा करें ।

इस बिल में उस क्लाज (खंड) में जहां पर कि मकान का जिक्र आया है मकान की पूरी छूट रहनी चाहिये । इसी तरह से ऐग्रिकल्चरल (खेती की) जमीन की छूट रहनी चाहिये । जैसा मेरी बहन ने बताया कि ऐग्रिकल्चरल लैंड में लड़कियों को हिस्सा नहीं मिलना चाहिये, हां मां को उस में हिस्सा मिल सकता है । आज जब जमीन की सीलिंग होने जा रही है और कोई भी आदमी बहुत ज्यादा जमीन अपने पास नहीं रख सकेगा, उस समय में यदि उस की जमीन के और भी हिस्से हो गये तो वह कभी भी खेती नहीं कर सकेगा। फल यह होगा कि वह दूसरे रोजगारों में लग जायेगा जिस में कि वह ज्यादा पैसा पैदा कर सके । लेकिन अगर हमारे कानून मंत्री इस बात को मानने के लिये तैयार नहीं हैं और चाहते हैं कि लड़कियों को शादी के बाद भी सम्पत्ति में अधिकार मिलना चाहिये, तो उस के लिये सब से उत्तम चीज यह होगी, और लड़कियों को भी इस में घाटा नहीं होगा, उन को गारंटी हो कि वे अपने पति की प्रापर्टी में हिस्सा पायेंगी । जब तक वह अविवाहित हों तब तक उन को पिता की सम्पत्ति में अधिकार हो और शादी के बाद पति की सम्पत्ति में अधिकार हो । इस से इस कानून की मंशा भी पूरी हो जायेगी और किसानों के बीच में, जनसाधारण के बीच में, सरकार के प्रति जो अविश्वास पैदा हो रहा है वह भी दूर हो जायेगा ।

मैं समझता हूं कि जो सुझाव मैं ने दिये हैं उन पर मंत्री महोदय गम्भीरता से विचार करेंगे । मैं समझता हूं कि आज यहां पर कोई भी आदमी ऐसा नहीं है जो यह चाहता हो कि स्त्रियों को उन के अधिकारों से वंचित रखा जाय । और यदि पति की सम्पत्ति में स्त्री को अधिकार देने से मंशा पूरी हो जाती है तो हमारे मंत्री को जो कुछ उन्होंने सोच रखा है उस पर जोर नहीं देना चाहिये ।

इस सम्बन्ध में मैं फिर न्याय मंत्री से कहूंगा कि स्त्री को विवाह के पूर्व अपने पिता की सम्पत्ति में हिस्सा मिलना चाहिये और विवाह के उपरान्त पति की सम्पत्ति में और इन शब्दों को कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा ।

Shri B. C. Das (Ganjam South): From the trend of discussion in this House, one is surprised that the majority of Congressmen are opposed to this measure.

Some Hon. Members: No, no.

Mr. Deputy-Speaker: It is only an estimate of the trend. One might differ from the other. Why should there be impatience?

An Hon. Member: We will know at the time of voting.

Shri B. C. Das: It appears that the measure sponsored by the Congress Government was vehemently opposed by the Congressmen on the floor of this House. I wonder why there is terrific uproar over this Bill. Was not such a measure overdue? Will the passing of this Bill upset our social order? Will it break our society into pieces? I am constrained to say that the opposition against this Bill is artifically engineered. It has no social basis which can be called broad. It is narrow and slippery and is going to break into pieces.

Let me make my point a bit clear. Politically, socially and economically, the situation is already ripe for such a measure. We declare ourselves a political democracy, a democracy based on adult franchise. Anyone who is a student of politics knows that the individual is the unit in a democracy, and it is the individual who is vested with power to shape the destinies of the country. It is not the family that is the unit in a democracy. The family was the unit in an oligarchy and in a feudal system. When once you accept political democracy, logically you have to accept also rights of the individual in social life. Therefore, the joint family system which denied individual liberty and on which injustice was perpetrated, this injustice towards certain sections or classes of humanity, has outlived its utility. In democracy, in the eye of the law, everyone is equal. So, you cannot swear by democracy and at the same time preach for two sets of laws of inheritance—one for the womenfolk and another for the menfolk. In the eye of the law there must be one law of inheritance for both men and women. This is fundamental to democracy. Democracy is based on the rights of the individual and individual freedom. The joint family system, we know, presupposes the head of a family who has got a lot of authority and all other members of the family surrender their rights to the head of the family. That was joint family. But that joint family has fast disappeared. Today, no member of the joint family will surrender his individuality to the head of the family. Everyone wants to grow up into full freedom and everyone wants to play his part in society, and as such, the joint family system, politically, has outlived its day.

Economically also, the joint family system no more has any utility. The first blow came on the joint family system when you accepted the principle that a coparcener has the right to separate himself from the joint family. That means the joint family is no more unbreakable. The joint family is being split up into two small individual families once you recognise that the coparcener has the right to separate.

Then you have the income-tax. The impact of the income-tax has also split the joint family and we find generally the rich families splitting into small families and the joint families are no more favoured by the rich classes. Then the estate duty has come in, and it has also made its inroads upon the joint family system. The estate duty also presupposes the breakability of the Mitakshara joint family system and on the assumption that a member of the joint family can separate himself from the joint family, the estate duty is levied. So, we know that our economic laws are so operating today that they do not expect this joint family system to continue for long.

In many of the States, we have got the Tenency Acts, and there is the impending imposition of a ceiling on land holdings. All these contribute to the breaking up of the joint family system. Therefore, Mitakshara joint families are no more on the order of the day. They are in a fading phase. So, so much of uproar on this joint family system is unnecessary, because it is a dying system. But unfortunately, some of the forces in this country who always swear by religion, who always impede social progress, who always stand in the way of development of the country today are raising a hue and cry. But I am sure their basis is very narrow and therefore they will fail with reference to this question as they failed several times in the past. In the last parliament they blocked the passage of the Hindu Code Bill. Soon after there was a general election. The party which sponsored this

measure came out in a majority. The leader of this party advocated this Bill, and he on every platform, I know was advocating in favour of this Bill, and his party came out in a large majority. It shows that the country is behind this measure. But the members of his party today oppose the measure.

My grievance against this Bill is that it is a compromise measure, that it has accommodated many of the view-points of the outmoded, out-dated orthodoxy. So, it has not followed very logically the steps it should have followed. It should have followed the recommendations of the Rau Committee and abolished the Mitakshara joint family system. The Rau Committee advocated the abolition of the Mitakshara system and the introduction of the Dayabagha system, a system which is now prevailing in Bengal, Assam and in some other parts. Our social system in the old days was dynamic. It was reasonable, it was pliable and it was adapting itself to the changing conditions. It can be known from the fact that the same Hindu law of inheritance was interpreted in different parts in different ways and we have the Dayabagha system in some parts and the Mitakshara system in the other parts. Those people who are now governed by the Dayabagha system are no less Hindus than those who are governed by the Mitakshara system. Therefore, we cannot say that the Dayabagha system is non-religious and the Mitakshara system is sacrosanct. It can be changed as conditions for its continuance have changed.

5 P.M.

Clause 6 of the Bill gives equal share to the daughter, but does not confer equal status on the daughter. Only when the father dies the daughter will have a share; but the son gets a share in the property as soon as he is born. He has also got the right to separate. Supposing all the sons separate themselves, what will happen to the share of the daughter? For such a contingency some provision should have been made. Unfortunately, no such provision has been made. The hon. Law Minister in his speech in the Rajya Sabha suggested an amendment which read as follows:

> "Provided further that a male coparcener who has taken his share in the coparcenary property for separate enjoyment on a partition before the death of the deceased shall not be entitled to succeed to the interests of the deceased in the coparcenary property."

Of course, it would have helped in a certain way. But I wonder why the Hon'ble Minister did not table this amendment.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

I say that he should have been more logical and given equality of status to the daughter by making her a coparcener or abolishing altogether the joint family system under the Mitakshara law.

I have strong objection to sub-clause (i) of clause 5 which excludes from this provision marriages under the Special Marriage Act, 1954. This exclusion will affect all the marriages performed under the Special Marriage Act, 1954. I would urge upon the hon. Law Minister to adopt an amendment which will enable such marriages also to come under the operation of this law. All the objections centre round one point, namely, that the joint family system will break if equality of status is conferred on the daughter. But, I am afraid their fears are unfounded. There is provision here to prevent fragmentation of land. We can enact land legislation in the States which can stop fragmentation. One can have a right to property, but fragmentation can be stopped. Some sort of compensation can be paid to the daughter also and fragmentation can be stopped. My point is that the law which is enacted to stop fragmentation should apply to sons as well as to daughters. If that is done, I welcome it. If you say that it will apply only in the case of the daughter and not in the case of the son, it is not right.

It is axiomatic that those who are economically independent are really independent. If one is not economically independent, one cannot claim independence. If one has to depend on others for his maintenance, one surrenders one's freedom. Therefore, to say that because the wife will inherit the property of the husband, she should not inherit the property of her father is not correct. If the wife comes to the husband's house as the heir of some property, she can claim some respect from the husband. She is an economic entity and she is entitled to claim respect. That is the reason why the daughter should inherit the property of the father,

Pandit Thakur Das Bhargava: Why should she inherit the father and not the father-in-law.

Shri B. C. Das: The wife will inherit the father-in-law only after the father-in-law's death. The father-in-law must die first.

An Hon. Member: Why not wife?

Mr. Speaker: Here also, when the father is alive, there is no inheritance. Here also the father must die.

Shri B. C. Das: My objection to this provision is this. According to this provision, the daughter can inherit only after the death of the father, whereas the son can inherit on his birth. I want that the daughter also must have the right to inherit on her birth. There should be no differentiation between the son and the daughter. This is the logical principle that should be adopted. But, unfortunately, just as all the measures of the Government are a compromise with reaction, this is also a compromise with orthodoxy and an outmoded system. That is why they want to give a long lease of life to the Mitakshara system which is outmoded and which does not serve any social purpose. Our new social laws, political laws and solcial thoughts go against this joint family system, which once helped up to grow, but which today stands as an impediment to the further development of our society. Therefore, it is a system which should be done away with. Let the Government take courage in both hands and tell the people that we want a social order which is really democratic and which is going to help us to build a socialist pattern and that is why we want women to become equal partners. They should have equal status and not an inferior status. That is why I request the Government not to compromise with reaction, because they have got vested interest and once you allow them some concession because they have got legal luminaries they will try to render this measure ineffective.

Shrimati Ammu Swaminadhan: I feel very happy today that after all these years when we have been discussing this question about this piece of legislation, it has actually come very near the end and that it is going to emerge as an Act in this free India. I was very surprised to hear some of the hon. Members saying, "why do we want to hurry with such a legislation?" I do not know where the hurry happens to be, because we have had this from 1937 and for nearly 20 years people have spoken about it. People all over the country have discussed about it. Of course, a great number of people have been against it, but that does not mean that the legislation is being hurried through. I am also very surprised that today when women are taking their responsible positions in all walks of life in this country, even today some hon. Members feel that if they get equal rights with regard to property, everything will go wrong and they will not be able to carry out their responsibilities properly. If Members feel that way, they should not allow women to come to this House at all. Why should we come to this House at all, if we are not able to carry out the responsibilities that are entrusted to us. Only when this question of money comes, all these difficulties seem to be talked about.

I do not understand why parents should make any difference between boys and girls. I come from a very happy part of India where we have never had this distinction and where we have always had absolute equality. That is why I find it very difficult to understand why some Members—I find there are some women Members also—feel rather afraid of giving an equal portion of the property to girls. I feel that we women coming from Malabar have shown to the world that we are able to look after the responsibility that is entrusted to us. Malabar today is a part of the Madras State. As far as literacy is concerned, we stand the highest. The only reason for that is that women have had a say in the matter of education of the children and they do not want to make any difference between boys and girls.

It was also surprising to me to hear some Members speak about Rama and Sita. Why go so far back into history? We do not know them. We do not know in what conditions the people lived. Is it not better to be nearer to our time and speak about Mahatma Gandhi, whom we revere and whom we acknowledge as the Father of the Nation? What did he say? He always said that if India is to be free, the men and women of this country must work together. What does that mean? Why should men and women work together if men are to have all inheritance in regard to property and women nothing at all? Why are we not

thinking in terms of what our great leader, whom we all acknowledge as the leader, said when he started the non-co-operation movement? In one of the first speeches he had said that if women want to enjoy all the rights in free India they must also come forward and work in the non-co-operation movement. Women in thousands came forward at his call. Women did take part in the satyagraha movement and went to jail in hundreds. Why did not these hon. Members who are opposing this Bill with regard to property rights, tell the women to stay at home and that they should not take part in this? Why didn't they say, you are not fit to take part in the non-co-operation movement, only men should take part? Why did they allow women to go forward if they did not want to give them any responsibility in free India?

When we speak about a socialist pattern of society, as some hon. Members have done, we have to think in terms of equality between men and women. I do not at all understand where the difficulty lies. I am not a lawyer. I am not able to speak about legal points. I am not a learned person in the Vedas and so I am not able to quote Sanskrit slokas. But, we have to think in terms of the realistic life of today. The whole world is moving forward. Why should we alone in India not be progressive as in the other parts of the world? We have acknowledged that women can occupy responsible places. If they can do that, surely, in the matter of inheritance alone, they cannot be said to be not fit to inherit the father's property or the husband's property. I feel that if only all of us will think a little more in this matter, there will be no opposition. In all humility I would ask the hon. Members to turn to Kerala where the hon. Minister has gone and seen for himself how things work. If you will only see what is happening and what has happened there all these years when women have had equal right. I am sure you will agree that women can have equal right and nothing terrible will happen in this country if they had equal rights.

In fact, I feel that women are better custodians of property than men. It is said that women would not be able to use whatever they get in a responsible manner. May I ask if men who have inherited have also not squandered the properties in their own way? I feel sure that in this case, if women were entrusted with the properties, they would not have squandered them like that. Women are not of that nature. They like security. They like to feel that their children will have security. The money that they inherit is not meant for themselves, to buy jewels, grand clothes, etc. The money is a trust for the children. Women have more love for the children than men have. I do not say that they do not also love their children. But, they do not feel the same responsibility towards the children as the women. Once again, if I may ask, please do not get lost in thinking in terms of Rama and Sita. They were Gods and Goddesses. We cannot reach up to them. We do not know what the ordinary people in those days did. Today just think of abducting a princess like that. We have a law which will enable us to get back abducted women. We do not have to fight battles. What is the use of comparing life today with the life in the time of Rama and Sita? I feel that we must all look at this question with reason and in a realistic manner. I feel that in a few years to come, there will not be any property left and I do not think there is much chance of women getting so much property in this country. Whatever it is, let us feel that we both belong to this country and that we have equal rights and that it is the one thing that we have got in free India.

I do not want to take the time of the House because I come from a part of the country in which we have equal rights.

Shri A. M. Thomas: Preferential rights.

Shrimati Ammu Swaminadhan: We do not have superior rights. That is a wrong conception. We certainly have equal rights, but not superior rights. This wrong conception is due to the fact that the idea of women having equal rights has always been not in the mind of the men of this country and if they have equal rights, they at once think that they have superior rights. We do not have superior rights. I come from a Marumakkattayam family myself and I know what rights we have. I do not for a moment admit that there is any superior right. Even if there is a superior right, why should it not be there? What is the harm in that? If women can look after the children well, if they can have the children educated, if they can see that their future is made secure, there is no harm in that. They

[Shrimati Ammu Swaminadhan]

are mothers, they are wives, they are sisters, they are daughters. Why should you grudge to give them the same equal share with the sons, brothers and nephews? I am sure that if we look at this Bill in that way, there will be no opposition to this at all. If there are any legal points which have to be right. I hope that that would be done by the Law Minister who will understand all the legal difficulties. I feel sure that he will set right if there is any difficulty.

श्री अजित सिंह (कपूरथला भटिंडा, रक्षित अनुसूचित जातियां) : जनाब स्पीकर साहब, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । अगर यह बिल आज से बीस साल बाद आता तो मैं इसको सपोर्ट (समर्थन) करता ।

पंडित के० सी० शर्मा : (जिला मेरठ—दक्षिण) : आप यही तसव्वुर (कल्पना) कीजिये ।

श्री अजित सिंह : आज इस बिल की शक्ल जो है वह बहुत डिफेक्टिव (अपूर्ण) है । इस बिल का हमारे तीन चार पहलुओं पर असर पड़ता है यानी पोलीटिकल (राजनीतिक), सोशल (सामाजिक), इकानामिक (आर्थिक) और रिलीजस (धार्मिक) पहलुओं पर इसका असर पड़ता है । इस बिल पर सन् ३७ से सोच विचार होता आ रहा है । मगर हमको सोचना चाहिये था कि इसको ठीक फार्म (रूप) में किस वक्त लाना चाहिये था । सन् १९४७ में हम आजाद हुए । उसके बाद इन चीजों को सोचने का मौका मिला । हमने सबसे पहले अपनी इकानामिक (आर्थिक) हालत को सुधारने पर सारा जोर लगाया । हमने पहली फाइव इयर प्लान (पंचवर्षीय योजना) बनायी । अब दूसरी बनायी है । देश का डेवेलपमेंट (विकास) करने के लिये बहुत सी इंडस्ट्रीज (उद्योग) खोलीं, जमीन का कंसालीडेशन (एकीकरण) करने का भी प्रबन्ध किया । कई जगह आज लैंड (भूमी) का कंसालीडेशन हो भी रहा है । अब हम लोग सीलिंग (अधिकतम सीमा) की बात करते हैं । कई जगह सीलिंग किया जा रहा है । इसका असर क्या होगा । आपके कानून का असर जमीन पर यह होगा कि एक लड़की शादी के बाद अपने बाप से जमीन का हिस्सा लेनें आवेगी और इस तरह से जमीन के टुकड़े हो जायेंगे और जो आप कंसालीडेशन पर आज इतना खर्च कर रहे हैं वह बेकार जायेगा । अब अगर बाप अमीर हुआ तो वह लड़की को पैसे दे देगा और अपनी जमीन बचा लेगा । लेकिन अगर बेचारा बाप गरीब हुआ तो वह कहां से पैसा देगा । वह पैसा नहीं दे सकेगा और वह लड़की उस जमीन के दूसरे शरीकों के पास जायेगी। कोई जमींदार यह नहीं चाहता है कि उसके शरीक उसकी जमीन को लें वे या उसकी जायदाद को वह ले लें और इस बिल का असर यह पड़ेगा कि आपस में झगड़ेबाजी और फूट बढ़ जायगी और इस बिना पर मैं इस बिल को सपोर्ट (समर्थन) करने से कासिर (असमर्थ) हूं ।

मैं पंजाब से आया हूं और पंजाब के हालात से अच्छी तरह वाकिफ हूं और मैं जानता हूं कि पंजाब के लोग इस बिल के सख्त मुखालिफ हैं और वे इस बिल को अपने यहां लागू होने देना नहीं चाहते । है लेकिन अगर क्लाज (खण्ड) ५ में एक इस तरह का प्रोविजन (उपबन्ध) जोड़ दिया जाय कि । This Act shall not apply to—

Any properties or persons in the Punjab State.

तो मैं इस बिल को स्वीकार कर सकता हूं ।

मैं आपसे निवेदन कर रहा था कि हम इस बिल को क्यों नहीं अच्छा समझते हैं और उसकी खास वजह वह है कि इस की वजह से हमारे गांवों में झगड़ेबाजी और मुकद्दमेबाजी बढ़ जायगी और लोग लिटिगेशन माइंडेड (वादप्रिय) हो जायेंगे । अब श्री एस० एस० मोरे इस बिल को बहुत अच्छा बिल बतलाते हैं और वह ऐसा क्यों न बतलायें क्योंकि वह तो ऐडवोकेट हैं और इसके अन्दर उनको अपनी वकालत चलाने का काफ़ी मौका मिल जायगा । हमारे गरीब और अनपढ़े किसान लोग लिटिगेशन (मुकद्दमेबाजी) के झगड़ों में फंस जायेंगे । हम तो चाहते हैं कि यह बिल पास न किया जाय जिससे कि और हमारे वकील लोगों को जो भोली भाली लड़कियों को चाट जायेंगे इसका मौका न दिया जाय.....

पंडित के० सी० शर्मा : यह लड़कियों को चाट जायेंगे "This is unparliamenary."

Ch. Ranbir Singh (Rohtak): He is only repeating the words.

Pandit K. C. Sharma: On a point of order, Sir. The expression that—

'लड़कियों को चाट जायेंगे' is unparliamentary

Shri A. M. Thomas: What is the meaning of that?

Mr. Speaker: I am not able to follow anything in his laughter.

Pandit K. C. Sharma: The hon. Member says that if this Bill is passed, then a certain section, that is the lawyers including Members of Parliament—he refers to Shri More—will eat away the innocent young girls.

Shri Ajit Singh: No Sir, I did not say that.

Mr. Speaker: Nobody can eat away another. We are not cannibals. It is a kind of expression. That means all the property acquired by a girl would be lost in litigation. Anyhow, a more elegant expression may be used if that is the meaning.

श्री अजित सिंह : जनाबवाला (श्रीमान), मैं ने वही लफ्ज (शब्द) दोहराये हैं। इस बिल के लिये यह कहा जा रहा है कि हम औरतों और मर्दों में इक्वेलिटी (समानता) लाने के लिये इसको ला रहे हैं। मैं पूछता हूं कि आखिर इक्वैलिटी से उनका मतलब क्या है ? जैसा कि हमारे बुजर्ग नेता श्री टंडन ने फरमाया था कि स्त्री पुरुष को तो भगवान ने ही ईक्वल नहीं बनाया है तो आप कैसे जबरदस्ती उनको एक समान कर सकते हैं। जहां आप लड़की को उसके पिता की सम्पत्ति में अधिकार दिलाने की बात करते ह वहां इस तरह का भी कानून में कोई प्राविजन (उपबन्ध) रखिये कि अभी तक जो बाप के मरने के बाद उसका बेटा ही कर्जा वगैरा अदा करनेका जिम्मेदार होता है तो अब आगेसे लड़की भी उस कर्जके अदा करने में हिस्सेदार बने और ऐसा करना जरुरी है क्योंकि आप उनको बराबरी का दर्जा देना चाहते हैं।

इस बिल का प्रभाव हमारे डेवलपमेंट (विकास) पर बहुत खराब पड़ेगा और डेवलपमेंट का कार्य रुक जायगा। कोई बाप ऐसा नहीं करेगा कि अपने लड़कों और बच्चों को बिल्कुल भूखा मारने के लिये छोड़ देगा। आपने स्टेट ड्यूटी बिल (सम्पत्ति शुल्क विधेयक) बनाया और दूसरे बिल बनाये और इस बिल को जिसको कि आप बनाने जा रहे हैं, इससे झगड़ेबाजी बढ़ेगी और लोग अपनी इमारतें बनाना बंद कर देंगे और इसका असर यह पड़ने वाला है कि लोगों का बड़े बड़े कारखाने और प्रापर्टीज (सम्पदा) बनाने के लिये दिल नहीं होगा।

एक माननीय सदस्य : क्यों ?

श्री अजित सिंह : क्योंकि उनको यह अंदेशा (भय) लगा रहेगा कि लड़कीयां ले जायेंगी। अगर इस कानून को आज स बीस वर्ष बाद लगाते तो हमार देश का जो सोशल स्ट्रक्चर (सामाजिक ढांचा) है वह चेंज (परीवर्तित) हो चुका होगा और हम लोग यह समझने लग जायेंगे कि यह जो सारी जमीन है स्टेट (राष्ट्र) की है और मैं समझता हूं कि वह वक्त आने वाला है जब सारी जमीन लोगों की नहीं रहेगी और वह गवर्नमेंट की बन जायेंगी और जितने भी बैंक, कारखाने और इंडस्ट्रीज (उ ोग) हैं वे सब गवर्नमेंट की हो जायेंगी और उस वक्त हमें कोई तकलीफ नहीं होगी कि कौन उसको ले जाता है लडकी ले जाती है या लडका ले जाता है और जो उस पर काम करेगा वह उसको ले जायेगा।

हम इस बिल को पास तो इसलिये करने जा रहे हैं कि यह डाउरी सिस्टम (दहेज पद्धति) बंद हो जाय लेकिन मैं देख रहा कि इस कानून के द्वारा इनडाइरेक्ट (अप्रत्यक्ष) डाउरी सिस्टम जारी रहेगा। अभी तो हालत यह है कि लड़की का बाप कहीं से चार, पांच हजार रुपये जुटा कर लडकी के हाथ पीले कर देता है और जैसे भी होता है लड़कों वालों को दहेज जुटा कर शादी कर देता है, अब इस कानून के बाद यह होने वाला है कि हर एक नौजवान लड़का शादी करने से पहले यह देखेगा कि किस लड़की के बाप के पास ज्यादा प्रापरटी है और कौन ज्यादा दे सकता है और वह उसी की लड़की से शादी करने पर रजामंद होगा जहां से कि उसको काफी प्रापरटी में हिस्सा मिलने की उम्मीद होगी और इसका नतीजा यह होगा कि गरीब आदमी के लिये दामाद मिलना मुश्किल ही जायेगा। गरीब आदमी कैसे अपनी लड़की की शादी कर सकेगा। इसलिये मैं समझता हूं कि वह जो बिल है यह हमारे लिये नुकसानदेह साबित होगा।

इस बिल को जो आज लाया जा रहा है उसके बारे में तो मुझे लार्ड टैनिसन की यह बात याद आ जाती है जो उन्होंने कहीं थी :

> "The old order changeth yielding place to new and God fulfills himself in many ways. Lest one good custom should corrupt the world."

मैं समझता हूं कि इस बिल को लाने के लिये आज के हालात उपयुक्त नहीं हैं और मंत्री महोदय को चाहिये कि लोगों में इसके विरुद्ध जो तीव्र भावना है उसको देखते हुए इस बिल को वापिस ले लें।

आखिर में मुझे एक बात यह कहनी है कि जैसा कि टंडन जी ने भी फरमाया था कि अगर हम औरतों को हक देनाही चाहते हैं तो हमें मदर (माता) और वाइफ (पत्नी) इन दोनों को हक

[श्री अजित सिंह]

देना चाहिये न कि लड़की को हक दे कर भाई बहनों और लड़की और मां बाप में झगड़ा कराया जाय ।

मैं अन्त में और अधिक न कह कर मंत्री महोदय से इस बिल को वापिस लेने के लिये अनुरोध करता हूं ।

Some Hon. Members: *rose.*

Mr. Speaker: Shri Pataskar. Other hon. Members on the clauses.

Shri Pataskar: I am happy that in spite of some very passionate speeches there has been generally an undertone which clearly indicated that the majority of the Members of this House were in favour.....

Pandit Thakur Das Bhargava: Question.

Shri Bansal (Jhajjar-Rewari): Question.

Some Hon. Members: Question.

Shri Debeswar Sarmah (Golaghat-Jorhat): You are right.

Shri Bhagwat Jha Azad: Count the numbers. I want to know the number.

Shri Debeswar Sarmah: The hon. Minister is very right.

Shri Pataskar: I am sorry that Members have not the patience to allow me to complete the sentence. I am sure they will agree with me when I complete it. The majority of the Members are in favour of doing justice to women—that is what I was going to say. First of all, I wanted to compliment them for that. I am sure they want justice to be done, whatever the other differences. They thought something was going to be hurriedly passed and.....

Shri Debeswar Sarmah: Please do not yield to pressure.

Shri Pataskar: I will not yield to pressure one way or the other.

Shri R. P. Garg: Not pressure, but noise.

Shri Pataskar: Shall I continue tomorrow?

Mr. Speaker: Yes, it is now 5-30 P.M.

5-30 P.M.

The Lok Sabha then adjourned till Half Past Ten of the Clock on Wednesday, the 2nd May, 1956.

DAILY DIGEST

[*Tuesday, 1st May, 1956*]

COLUMNS

PAPERS LAID ON THE TABLE . . . 6837
The Deputy Minister of Production (Shri Satish Chandra) laid on Table a copy of the Report on the working of the Central Silk Board for the period from 1st April, 1955 to 31st December, 1955.

REPORT OF SELECT COMMITTEE PRESENTED . . . 6837
Shri Altekar presented the Report of the Select Committee on the Proceedings of Legislatures (Protection of Publication) Bill.

COLUMNS

BILL UNDER CONSIDERATION . . 6837 6952
Further discussion on the motion to consider the Hindu Succession Bill, as passed by Rajya Sabha, moved by Shri Patas-kar on the 12th December, 1955, was continued. The discussion was not concluded.

AGENDA FOR WEDNESDAY, 2ND MAY, 1956—
Further discussion on the Hindu Succession Bill.

GIPN -S2—105 Lok Sabha—56—8-2-57—840.